रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 242] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 14, 2014/आश्विन 22, 1936
No. 242] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 14, 2014/ASVINA 22, 1936

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**(वाणिज्य विभाग)**

**(पाटनरोधी एवं सम्बद्ध शुल्क महानिदेशालय)**

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 2014

## अंतिम जांच परिणाम

**विषय : चीन जन. गण. हांग कांग और चीनी ताईपेई के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 'सभी प्रकार के डिजीटल वर्सिटाइल डिस्क–रिकॉर्डेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आर डब्ल्यू)' के आयात के संबंध में प्रथम निर्णायक समीक्षा (एसएसआर) पाटनरोधी जांच।**

**फा. सं. 15/10/2013–डीजीएडी**.—1995 में यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम कहा गया है) तथा समय–समय पर यथा संशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं का अभिज्ञान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे नियमावली कहा गया है ) को ध्यान में रखते हुए।

### क. मामले की पृष्ठभूमि

1. जबकि उपर्युक्त नियम के अंतर्गत वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, भारत सरकार में नियुक्त निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी" कहा गया है) ने दिनांक 20.11.2007 की अधिसूचना संख्या 14/17/2007–डीजीएडी के माध्यम से ने चीन जन. गण हॉग कॉग और चीनी ताईपेई (जिन्हें आगे ''संबंद्ध देश'' कहा गया है) के मूल के या वहां से निर्यातित 'डिजीटल वर्सिटाइल डिस्क–रिकॉडेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आर डब्ल्यू)' के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू की। प्राधिकारी द्वारा दिनांक 16.06.2008 की अधिसूचना संख्या 14/17/2007–डीजीएडी के माध्यम से प्रारंभिक जांच परिणाम जारी किए गए थे तथा अनंतिम पाटनरोधी शुल्क केन्द्रीय सरकार द्वारा दिनांक 23.07.2008 की अधिसूचना संख्या 89/2008–सीमा शुल्क के माध्यम से लगाया गया था। निश्चयात्मक शुल्क की सिफारिश करते हुए प्राधिकारी द्वारा दिनांक 19.11.2008 की अधिसूचना संख्या 14/17/2007–डीजीएजी के माध्यम से अंतिम जांच परिणाम जारी किए गए थे । अंतिम जांच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा की

गई सिफारिशों के आधार पर, अंतिम पाटनरोधी शुल्क केन्द्रीय सरकार द्वारा संबद्ध देशों में उत्पादित अथवा से निर्यातित उपर्युक्त वस्तुओं के आयात पर दिनांक 22.06.2009 की अधिसूचना संख्या 8/2009–सीमा शुल्क के माध्यम से आरोपित किए गए थे। निश्चित शुल्क 23.07.2008 से 5 वर्षों की अवधि के लिए वैध था।

2. और जबकि मैसर्स मोजर बेयर इण्डिया लिमिटेड, भारत में संबद्ध वस्तुओं का मुख्य घरेलू निर्माता, ने संबद्ध देशों में उत्पादित अथवा वहां से निर्यातित उपर्युक्त वस्तुओं के पाटन के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति होने की संभावना तथा उसके फलस्वरूप शुल्क को हटाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को होने वाली हानि का आरोप लगाते हुए इस अधिनियम और नियमावली के अनुरूप घरेलू उद्योग की ओर से इस प्राधिकारी के समक्ष 03.07.2013 को एक विधिवत स्थापित आवेदन दायर किया और संबद्ध देशों में उत्पादित अथवा से निर्यातित 'डिजीटल वर्सिटाइल डिस्क–रिकॉर्डेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आर डब्ल्यू)' के आयात पर आरोपित पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने तथा उसमें वृद्धि करने के लिए उसकी समीक्षा हेतु अनुरोध किया।

3. और जबकि घरेलू उद्योग की ओर से दायर विधिवत स्थापित आवेदन के आधार पर तथा पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 9ए(5) के अनुरूप, इस प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में उत्पादित अथवा से निर्यातित 'डिजीटल वर्सिटाइल डिस्क–रिकॉर्डेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आर डब्ल्यू) (इसके बाद संबद्ध देशों के रूप में संदर्भित)' के संबंध में शुल्कों के सतत आरोपण की आवश्यकता की समीक्षा करने तथा इस बात की जांच करने कि ऐसे शुल्क के समाप्त होने से संभवतः पाटन के जारी रहने अथवा बार–बार होने से घरेलू उद्योग को हानि होगी, के लिए दिनांक 18.07.2013 की अधिसूचना संख्या 15/10/2013–डीजीएडी के माध्यम से अंतिम समीक्षा जांच शुरू की। संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क की वैधता केन्द्र सरकार द्वारा 22 जुलाई, 2014 तक इस तिथि को शामिल करते हुए दिनांक 29.08.2013 की अधिसूचना संख्या 19/2013–सीमा शुल्क (एडीडी) के माध्यम से प्रदान किया गया था।

4. इस प्राधिकारी के अनुरोध पर केन्द्रीय सरकार ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 17 के संबंध में जांच को पूरा करने के लिए समय अवधि को 3 महीने अर्थात् 17.10.2014 तक बढ़ा दिया है।

5. वर्तमान समीक्षा के क्षेत्र में संबद्ध देशों में उत्पादित अथवा से निर्यातित उपर्युक्त वस्तुओं के आयात के संबंध में मूल जांच के सभी पहलू शामिल हैं।

**ख. प्रक्रिया**

6. निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन संबद्ध जांच के संबंध में किया गया है :

i. नई दिल्ली में संबद्ध देशों के दूतावासों को नियम 6(2) के अनुसार इस जांच को शुरू करने के बारे में सूचित किया गया था।

ii. इस प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली 6(3) के अनुरूप ज्ञात निर्यातकों तथा संबद्ध देशों के दूतावासों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इन आवेदनों का अगोपनीय पाठ की प्रतियां प्राप्त करने का अवसर दिया।

iii. इस प्राधिकारी ने संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित कीं तथा उन्हें नियमावली 6(2) एवं 6(4) के अनुरूप 40 दिनों के भीतर अपने दृष्टिकोण रखने का उन्हें अवसर दिया।

**चीन**

1. शंघाई सन्स्ड इलैक्ट्रॉनिक टेकनोलॉजी कं. लिमि.
2. गुआंगडोंग न्यू फेस लेजर टेकनोलॉजी कं. लिमि.
3. शानतॉउ सेज वो हिंग रेडियो एंड वीडियो कं. लिमि.
4. फोशन नन्हेई पर्ल ऑडियो एंड वीडियो कं. लिमि.
5. शेनजैन गुआंग यू ओप्टो इलैक्ट्रॉनिक्स टेकनोलॉजी कं. लिमि.
6. जियामेन लियो सेंग ट्रैडिंग कं. लिमि.
7. शानतॉउ यूहेई ऑडियो एंड वीडियो कं. लिमि.
8. गुआंगझॉउ बनाना कम्प्यूटर टेकनोलॉजी कं. लिमि.
9. जिआंगसी गुआंगसिंग साइंस एंड टेकनोलॉजी डेवेलपमेंट कं. लिमि.
10. टॉपफोर्ड डेवेलपमेंट लिमि.
11. उमेडिस्क (डॉगगुआंग) लिमि.

**हाँगकाँग**

1. एमीगोज कनेक्शन (एचके) लिमि.
2. सेनट्रॉन टेकनोलॉजी लिमि.
3. ऑडियो डिस्ट्रीब्यूटर्स कं. लिमि.
4. प्रोमीडिया इंटरनेशनल लिमि.
5. टॉपफोर्ड डेवेलपमेंट हाँग काँग
6. आप्टिकल डिस्क मैन्यूफैक्चरिंग एंड टेकनोलॉजिज़ एसोसिएशन लिमि.

**चीनी ताईपेई**

1. ईआई मेजर टेकनोलॉजी कं. लिमि.
2. एचआईएम टेकनोलॉजी इंक.
3. सूनॉन मीडिया कं. लिमि.
4. मिनटेक टेकनोलॉजी कं. लिमि.
5. मेलोडी टेकनोलॉजी कॉरपोरशेन
6. वानप्रस्थ कोरपोरेशन
7. रिटेक कोरपोरेशन ताईवान

7. संबद्ध देशों के किसी उत्पादक/निर्यातक द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया है।

8. गैर—बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश होने के कारण, एक बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी) प्रश्नावली भी चीन जन. गण में सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों तथा चीन जन. गण के दूतावास को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित किया था कि वे निर्धारित समय—सीमा के भीतर इस प्राधिकारी को संगत सूचना प्रदान करें। जबकि प्रारंभ करने के प्रयोजन से, चीन में सामान्य मूल्य पर विचार विधिवत समायोजित भारत में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की लागत के आधार पर किया गया था, इस प्राधिकारी ने चीन जन. गण के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को सूचित किया कि इसका प्रस्ताव यथा संशोधित पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध—1 के पैरा 7 और 8 के आलोक में इस आवेदक के दावे की जांच करने का है। अतः चीन जन. गण से संबद्ध वस्तुओं के निर्यातकों/उत्पादकों से इस प्राधिकारी को इस तथ्य पर विचार करने कि क्या बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार उस देश में सहकारी निर्यातकों/उत्पादकों को दिया जा सकता है, में सक्षम बनाने के लिए उपर्युक्त अनुबंध 1 के पैराग्राफ 8 के उप—पैराग्राफ (3) में यथाउल्लिखित आवश्यक सूचना/पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। हालांकि इस संबंध में चीन जन. गण के उत्पादक/निर्यातकों से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

9. इस प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम एवं पते इस प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गए थे) को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित कीं तथा उन्हें सलाह दी कि नियम 6 (4) के अनुरूप इस पत्र के जारी होने की तिथि से चालीस (40) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण से अवगत करायें :

1) राशि पेरीफेरल्स प्रा. लिमि.
2) डायनेमिक ओवरसीज़
3) जस इंटरनेशनल
4) हनिक्स ओवरसीज़
5) आदित्य इंटरप्राइजेज
6) वीलाइन मीडिया लिमि.
7) हिमालयन टाइम्स प्रा. लिमि.
8) एलाइड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मेगनेटिक्स लिमि.
9) राना पेरीफेरल्स प्रा. लिमि.
10) बाबा इंटरनेशनल प्रा. लिमि.
11) अनंत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमि.
12) कंप्यूटर स्किल लिमिटेड
13) सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड
14) सुपर कैसेट
15) ग्लोबल इनफिटेक
16) सोलर कॉम्पेक्ट डिस्क प्राइवेट लिमिटेड
17) डायमंड डिस्क प्राइवेट लिमिटेड
18) फ्यूचरिस्टिक कांस्पेट्स मीडिया लिमि.
19) जेट स्पीड ऑडियो प्राईवेट लिमिटेड
20) पॉवरक्यूब इंफोटेक प्रा. लिमि.
21) सारेगामा रिजेंसी आप्टिमीडिया प्राइवेट लिमिटेड
22) सोनी डेडक मैन्यूफैक्चरिंग इंडिया प्रा. लिमि.
23) एसपी सॉफ्ट डिजीटल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
24) पर्ल इंजीनियरिंग क. (यूनिट—।।)
25) प्रॉडक्ट रीच प्राइवेट लिमिटेड
26) सिद्धार्थ ऑप्टिकल डिस्क प्रा. लिमि.
27) अनंत इलैक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड

28) अरिहंत इलैक्ट्रॉनिक्स
29) ग्लोबल इनफिटेक
30) जेट स्पीड ऑडियो प्राइवेट लिमिटेड
31) डायमंड डिस्क प्राइवेट लिमिटेड

10. प्रश्नावली के उत्तर के रूप में कोई उत्तर अथवा अनुरोध किसी आयातकों/प्रयोगकर्ताओं/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

11. प्रारंभ करने संबंधी अधिसूचना की एक प्रति संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित अन्य ज्ञात घरेलू उत्पादकों नामतः (i) मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमि. (ii) मैसर्स जूपिटर इंटरनेशनल लिमि. (iii) मैसर्स नेक्स्ट स्टार डिजिटल तथा (iv) मैसर्स शांति प्लास्ट को भी भेजी गयी थी। मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमि. ने इस याचिका का समर्थन किया है। अन्य उत्पादकों ने कोई उत्तर नहीं दिया है।

12. वर्तमान समीक्षा के उद्देश्य से जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक है। हानि संबंधी विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में अप्रैल, 2009 – मार्च 2010, अप्रैल 2010 – मार्च 2011, अप्रैल 2011 – मार्च 2012 तथा जांच की यह अवधि शामिल है। इसके अलावा इस प्राधिकारी ने संभावना का आकलन के उद्देश्य से इन प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने हेतु पीओआई पश्चात (अप्रैल 2013 – मार्च 2014) के आंकड़ों की भी जांच की है।

13. हानि की अवधि पीओआई (अप्रैल 2012 – मार्च 2013) तथा पीओआई पश्चात (अप्रैल 2013 – मार्च 2014) सहित (अप्रैल 2009 – मार्च 2010, अप्रैल 2010 – मार्च 2011, अप्रैल 2011 – मार्च 2012) के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयात आंकड़ों के विवरण की व्यवस्था करने के लिए वाणिज्यि आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) को अनुरोध किया गया था। इस प्राधिकारी ने इस संबंध में विश्लेषण हेतु डीजीसीआई एंड एस के आंकड़ों को विश्वसनीय माना है।

14. निर्यातक, उत्पादक, आयातक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस प्राधिकारी को न तो उत्तर दिया है और न ही इस जांच से संबंधित सूचना दी है, को इस प्राधिकारी द्वारा असहयोगी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माना गया है।

15. इस प्राधिकारी में नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच हेतु रखी गई सार्वजनिक फाईल के रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

16. इस प्राधिकारी ने उत्पादन की लागत तय करने तथा अपनी सतत रीतियों के अनुसार भारत में संबद्ध वस्तुओं का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण करने जिससे इस बात की जांच की जा सके कि पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति, यदि कोई हो, को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा, हेतु घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है।

17. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार इस प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 11.06.2014 को आयोजित आम सुनवाई में अपना दृष्टिकोण मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर भी दिया, जिसमें केवल घरेलू उद्योग और उनके प्रतिनिधि ही उपस्थित हुए। घरेलू उद्योग से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने दृष्टिकोण को लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

18. जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए दृष्टिकोणों और इस प्राधिकारी द्वारा उसे संगत माने गये दृष्टिकोणों का समाधान इस निष्कर्ष में किया गया है।

19. भाग लेने वाले घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना एवं आंकड़ों का सत्यापन उस सीमा तक किया गया जहां तक उसे आवश्यक माना गया।

20. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उनके गोपनीयता के दावे के पर्याप्त होने के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर इस प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय माना गया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया कि वे गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय भाग उपलब्ध करायें।

21. जहां भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना देने से इन्कार किया है अथवा अन्य प्रकार से सूचना नहीं दी है अथवा इस जांच में पर्याप्त रूप से बाधा पहुंचाई है, इस प्राधिकारी ने "उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना" का उपयोग किया है और ऐसे पक्षकारों को असहयोगी के रूप में माना है।

22. इस प्राधिकारी ने 24 सितंबर, 2014 को प्रकटन बयान के रूप में सभी हितबद्ध पक्षकारों को इस मामले के आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया। हितबद्ध पक्षकारों को 30 सितंबर, 2014 तक इस बयान में प्रकट की गई जांचों के विभिन्न पहलुओं पर टिप्पणी देने का एक अवसर दिया गया था। घरेलू उद्योग को छोड़कर किसी हितबद्ध पक्षकार से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। घरेलू उद्योग से प्राप्त टिप्पणियों पर कुछ हद तक विचार किया गया है जहां तक वे संगत हैं और उनका उपयुक्त समाधान इस निष्कर्ष में किया गया है।

23. इस निष्कर्ष में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से विचार किये जाने का द्योतक है।

24. पीओआई के लिए विनिमय दर इस प्राधिकारी द्वारा 54.65 रुपया = 1 अमरीकी डॉलर के रूप में लिया गया है।

## ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु का क्षेत्र

25. मूल जांच में विचाराधीन उत्पाद को "सभी प्रकार के रिकॉर्डेबल डिजिटल वर्सिटाइल डिस्क [डीवीडी] के रूप में परिभाषित किया गया था। डीवीडी अनेक प्रकार के हो सकते हैं जैसे डीवीडी–आर, डीवीडी+आर, डीवीडी–आरडब्ल्यू, डीवीडी+आरडब्ल्यू, मिनी डीवीडी–आर, मिनी डीवीडी–आरडब्ल्यू, मिनी डीवीडी+आर, मिनी डीवीडी+आरडब्ल्यू, डीवीडी+आर डीएल, डीवीडी–आर डीएल। किसी डीवीडी को एक बार अथवा अनेक बार रिकॉर्ड किया जा सकता है।"

## ग. 1 घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध

26. घरेलू उद्योग ने जांच प्रारंभ करने के बाद प्रस्तुत किये गये अनुरोध में इस प्राधिकारी से समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से सभी प्रकार के रि–राइटेबल डीवीडी (डीवीडी–आरडब्ल्यू) को हटाने तथा उनकी याचिका को पाटनरोधी शुल्क को जायज रखने के लिए इस उत्पाद (डीवीडी–आरडब्ल्यू) के संबंध में वापिस लिया गया मानने का अनुरोध किया है। इस संबंध में घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित अनुरोध किया है :

i. घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन और बिक्री का लगभग 99.9% डीवीडी–आर से संबंधित है। डीवीडी–आरडब्ल्यू की मांग बहुत ही सीमित है और इसलिए डीवीडी–आरडब्ल्यू को बाहर करने से घरेलू उद्योग को पर्याप्त नुकसान नहीं होगा जबकि डीवीडी–आर पर पाटनरोधी शुल्क को हटाने से बहुत अधिक हानि होगी।

ii. डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू पूर्णरूप से अलग बाजार क्षेत्रों की मांग को पूरा करता है। जबकि संबद्ध देशों से डीवीडी–आर का आयात बहुत कम और पाटित मूल्य पर होता है और इसलिए इससे घरेलू उद्योग को हानि होने की संभावना है यदि शुल्क नहीं दिया जाता है, डीवीडी–आरडब्ल्यू का आयात उच्च मूल्य पर होता है और घरेलू उद्योग को डीवीडी–आरडब्ल्यू के छोटे बाजार आकार को देखते हुए उन मूल्यों पर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

iii. जिस मूल्य पर डीवीडी–आर का आयात संबद्ध देशों से किया जा रहा है वह स्पष्ट पाटनरोधी शुल्क के वापिस लिये जाने की स्थिति में पाटन और हानि के जारी रहने अथवा बार–बार होने की संभावना को दर्शाता है। डीवीडी–आरडब्ल्यू का आयात उच्च मूल्य पर होता है और इससे ऋणात्मक अवसर पाटन मार्जिन और/अथवा हानि मार्जिन हो सकता है। तथापि उसका मतलब यह नहीं है कि डीवीडी–आर की निम्न मूल्य पाटित आयात से हानि होगी। इसका मतलब सिर्फ यह है कि डीवीडी–आरडब्ल्यू और डीवीडी–आर की औसत पाटन और हानि के संबंध में परिवर्तित परिणाम दर्शायेंगे। अतः परिवर्तन को हटाने के उद्देश्य से यह उपयुक्त होगा कि केवल डीवीडी–आर को शामिल करने के लिए विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को सीमित किया जाए। डीवीडी–आर का आयात मूल्य स्पष्ट रूप से पाटनरोधी शुल्क वापिस किये जाने की स्थिति में पाटन और हानि की संभावना दर्शायेगा।

iv. चूंकि घरेलू उद्योग बाजार का 99.9 प्रतिशत डीवीडी–आर है अतः घरेलू उद्योग की मुख्य चिंता डीवीडी–आर के आयात की है। तदनुसार घरेलू उद्योग में इस प्राधिकारी से डीवीडी–आरडब्ल्यू को छोड़कर विचाराधीन उत्पाद के संशोधित क्षेत्र पर विचार करने का अनुरोध किया है।

27. इस अंतिम समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र का संशोधन हेतु अपने तर्क के समर्थन में, घरेलू उद्योग ने आगे यह अनुरोध किया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने विगत अनेक समीक्षा मामलों में विचारधीन उत्पाद के क्षेत्र पर विचार किया है और इसलिए इस मामले में इस प्रकार की समीक्षा पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

28. घरेलू उद्योग ने आगे यह तर्क दिया है कि जांच के क्षेत्र से एक उत्पाद प्रकार को हटाने का मतलब पाटन मार्जिन की गणना के उद्देश्य से शून्य नहीं होगा। यह अनुरोध किया गया है कि शून्य करने की रीतियों में इस उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क लगना जारी रहता है जबकि उसी उत्पाद प्रकार के ऋणात्मक पाटन मार्जिन को शून्य मान दिया जाता है। लेकिन इस मामले में घरेलू उद्योग जांच के क्षेत्र से ही उत्पाद प्रकार (डीवीडी–आरडब्ल्यू) को हटाने का अनुरोध कर रहा है और इस पर शुल्क नहीं लगेगा। अतः इससे उसका मान शून्य नहीं होगा। घरेलू उद्योग ने आगे अनुरोध किया है कि उत्पाद क्षेत्र के क्षेत्र से डीवीडी–आरडब्ल्यू को हटाने की मांग इसके ऋणात्मक पाटन मार्जिन के कारण किया गया है जिसके द्वारा विवेकपूर्ण तरीके से कार्य किया जा सके और न कि गैर–जरूरी संरक्षण की मांग की जाये।

29. प्रकटन के बाद के अनुरोध में घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद पर अपने तर्कों को दोहराया है। यह अनुरोध किया गया है कि डीवीडी–आरडब्ल्यू को हटाने के लिए घरेलू उद्योग के अनुरोध इस कारण से नहीं हैं कि डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू दो अलग–अलग उत्पाद हैं। यह अनुरोध इन कारणों से है कि (क) जबकि इन दोनों उत्पादों के बीच तकनीकी प्रतिस्थापनात्मकता है, जहां तक उपभोक्ताओं का प्रश्न है इनमें कोई वाणिज्यिक प्रतिस्थापनात्मकता नहीं है। (ख) जबकि उत्पादक इन दोनों प्रकारों में किसी प्रकार का उपयोग कर सकते हैं, उपभोक्ता ऐसा नहीं कर सकता है। (ग) डीवीडी–आर में पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन घनात्मक हैं जबकि वही डीवीडी–आरडब्ल्यू के मामले में ऋणात्मक हैं। (घ) भारतीय बाजार में घरेलू बिक्री का 99 से अधिक प्रतिशत और तीसरे देशों में निर्यातक की बिक्री का लगभग 98 प्रतिशत डीवीडी–आर से होता है। डीवीडी–आरडब्ल्यू का बाजार बहुत ही सीमित है। (ङ) डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू के बीच अत्यधिक मूल्य अंतर को देखते हुए, डीवीडी–आरडब्ल्यू पर पाटनरोधी शुल्क हटाने से डीवीडी–आर के मामले में घरेलू उद्योग को हानि नहीं होगी। (च) घरेलू उद्योग को हानि की संभावना डीवीडी–आर के मामले में पाटन और हानि से है। डीवीडी–आरडब्ल्यू में पाटन और हानि की किसी संभावना का आशय डीवीडी–आर में पाटन और हानि की संभावना से नहीं है। (छ) जबकि आयात की वास्तविक मात्रा वास्तविक पाटन और हानि के बारे में निर्णय लेने के प्रयोजन से संगत हो सकती है लेकिन घरेलू देश में बिक्री की मात्रा और तीसरे देशों में निर्यातकों की निर्यात मात्रा संभावित निर्धारण के लिए संगत है। (ज) जबकि घरेलू उद्योग ने डीवीडी–आरडब्ल्यू के मामले में एनआईपी से अधिक मूल्य प्राप्त किया, डीवीडी–आर के लिए घरेलू उद्योग एनएसआर एनआईपी से कम था, जिससे आगे यह सिद्ध होता है कि दोनों प्रकारों में अंतर है। इसलिए जबकि डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू एक उत्पाद है, ये दोनों अलग प्रकार के विचाराधीन उत्पाद हैं। आगे यह अनुरोध किया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने विगत में अलग उत्पाद प्रकारों में अंतर किया है और कुछ उत्पाद प्रकारों को निकालकर विचारधीन उत्पाद के क्षेत्र को सीमित किया है जबकि निकाले गये और शामिल किये गये उत्पाद एक ही उत्पाद हैं।

### ग. 2 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध

30. किसी उत्पादक/निर्यातक/आयातक/अन्य हितबद्ध पक्षकार ने इस संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है।

### ग. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

31. मूल जांच में यथा परिभाषित विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी), सभी प्रकार के डिजिटल वर्सिटाइल डिस्क रिकॉर्डेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू) थे। रिकॉर्डेबल डिजिटल वर्सिटाइल डिस्क (डीवीडी) अनेक प्रकार के हो सकते हैं जैसे राइटेबल डीवीडी जैसे डीवीडी–आर, डीवीडी+आर, मिनी डीवीडी–आर, मिनी डीवीडी+आर, डीवीडी+आर डीएल, डीवीडी–आर डीएल और रि–राइटेबल डीवीडी जैसे डीवीडी–आरडब्ल्यू, डीवीडी+आरडब्ल्यू, मिनी डीवीडी–आरडब्ल्यू, मिनी डीवीडी+आरडब्ल्यू आदि। आगे यह नोट किया गया था कि सूचना की अनुमति केवल रिर्टन को दी जाये बल्कि रि–रिर्टन को भी कई बार दी जा चुकी है, डीवीडी–आरडब्ल्यू और डीवीडी+आरडब्ल्यू (रि–राइटेबल) डिस्क निर्माण डीवीडी–आर और डीवीडी+आर के निर्माण की तुलना में अधिक जटिल है। रि–राइटेबल डिस्क का रिकॉर्डेबल साईड डिस्क के अंदर से बाहर तक के डायमीटर वाले एक सैलो स्प्राइल गुरू के साथ पोलीकारबोनेट प्लास्टिक सब–स्ट्रेक से शुरू होकर अनेक लेयरों का उपयोग करता है।

32. वर्तमान जांच अंतिम जांच होने के कारण, विचाराधीन उत्पाद सामान्यतया मूल जांच में दिये गये उत्पादों के समान रहना चाहिए। तथापि प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने इस प्राधिकारी से डीवीडी–आरडब्ल्यू को वर्तमान जांच के क्षेत्र से बाहर निकालने तथा इस समीक्षा को केवल डीवीडी–आर के संबद्ध में ही किये जाने का अनुरोध किया है। घरेलू उद्योग द्वारा वर्तमान जांच से डीवीडी–आरडब्ल्यू को बाहर निकालने के लिए दिए गए मूल तर्क ये हैं कि घरेलू उद्योग का उत्पादन का प्रायः 99.9 प्रतिशत डीवीडी–आर से ही होता है और डीवीडी–आर एवं डीवीडी–आरडब्ल्यू के बीच मूल्य में अंतर होने के कारण पाटन और हानि के मानदंड परिवर्तित हो रहे हैं। घरेलू उद्योग ने आगे यह तर्क दिया है कि डीवीडी–आर क्षेत्र को हानि की संभावना बहुत अधिक है जबकि मूल्य में अंतर के कारण डीवीडी–आरडब्ल्यू के आयात से घरेलू उद्योग को अत्यधिक हानि नहीं होगी।

33. यह प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी हितबद्ध पक्षकार ने इस समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किये गये अनुरोध का विरोध नहीं किया है तथापि इस प्राधिकारी ने किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार की ओर से किसी अनुरोध/दृष्टिकोण के अभाव में इस विषय पर मौजूदा न्यायिक विवेक के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोधों की जांच की है।

34. उत्पादन प्रक्रिया तथा दोनों उत्पादों के उपयोग की जांच से स्पष्ट होता है कि यद्यपि दोनों डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू रिकॉर्डेबल डिजिटल वर्सिटाइल डिस्क की व्यापक परिभाषा में आते हैं फिर भी वे वास्तव में दो अलग–अलग प्रकार के उत्पाद हैं, चाहे उनके निर्माण की प्रक्रिया का मामला हो और अंतिम उपयोग का मामला हो। डीवीडी–आरडब्ल्यू, डीवीडी+आरडब्ल्यू का निर्माण डीवीडी–आर और डीवीडी+आर (रिकॉर्डेबल) की तुलना में अधिक जटिल है ताकि ये सूचना केवल लिखी ही न जाये बल्कि अनेक बार पुनः लिखी जा सके और इसलिए उनकी लागत और मूल्य का ढांचा ही अलग–अलग है। डीवीडी–आर का उपयोग प्राथमिक रूप से स्थाई आंकड़ा भंडारण के लिए किया जाता है और उन्हें सॉफ्टवेयर और मनोरंजन क्षेत्र को बेचा जाता है जिसमें मूवी की रिकॉर्डिंग, फोटो, हास्पिटल, रेंटल, गेम्स और कंप्यूटर एप्लीकेशन क्षेत्रों के लिए एक बार रिकॉर्डिंग और अनेक बार उपयोग शामिल है जबकि डीवीडी–आरडब्ल्यू का उपयोग आंकड़ों के संग्रहण, भंडारण के लिए किया जाता है और यह अनेक बार इन आंकड़ों का अंतरण करता है। डीवीडी–आर के उपभोक्ता डीवीडी–आरडब्ल्यू का उपयोग इस कारण से नहीं करेंगे कि डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू के बीच मूल्य में बहुत अधिक अंतर है। ये उत्पाद परस्पर प्रतिस्थापन योग्य नहीं हैं। इन कारणों से डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू को उसी व्यापक उत्पादक श्रेणी में उत्पाद प्रकारों की तुलना में दो अलग–अलग उत्पाद के रूप में माना गया

है। हालांकि घरेलू उद्योग के अनुरोध पर दोनों उत्पादों को मूल जांच में दो उत्पाद प्रकारों के रूप में शामिल किया गया था। अतः प्रश्न यह होता है कि क्या एक उत्पाद प्रकार को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से अंतिम समीक्षा में हटाया जा सकता है? इस मामले की जांच इस विषय के संबंध में मौजूदा प्रथाओं और विवेकपूर्ण न्याय के संबंध में किया गया है।

35. ईसी सालमोन मामले में (पेनल रिपोर्ट– यूरोपियन समुदाय– नार्वे से सालमोन पर बनाये गये पाटनरोधी उपाय– डब्ल्यूटी/डी5337/आर 16 नवंबर, 2007), नार्वे ने तर्क दिया कि विचाराधीन उत्पाद की आंतरिक समानता पाटनरोधी करार के अंतर्गत अनिवार्य है। नार्वे ने कहा कि यदि कारों और साईकिलों को किसी जांच में एक उत्पाद के रूप में माना जाता है तो यह पता नहीं चल पायेगा कि क्या कुछ अथवा सभी उत्पाद पाटित किये जाते हैं। पैनल ने इस तर्क को अस्वीकार किये जाते समय यह नोट किया "कि हम नार्वे के इन उदाहरणों से प्रभावित नहीं हैं। उत्पादों को किसी एक मात्र विचाराधीन उत्पाद के समूह में रखने की पूरी जांच में अपने जोखिम हैं और मोटे तौर पर इस प्रकार से समूह बनाने के जोखिम और अधिक हो सकते हैं और उससे जांच प्राधिकारी के संगत सूचना के संग्रहण और मूल्यांकन तथा पाटनरोधी करार के अनुरूप निर्धारण करने का कार्य और जटिल हो जायेगा।"

36. सालमोन केस में पैनल की उपर्युक्त टिप्पणियां यद्यपि उपर्युक्त प्रश्न का स्पष्ट उत्तर नहीं देता है, इसका यह अर्थ हो सकता है कि विचारधीन उत्पाद को किसी जांच में विभिन्न उत्पाद प्रकारों को शामिल करते हुए परिभाषित किया जाता है तो बाद की समीक्षाओं में भी उत्पाद प्रकारों के उसी समुच्चय पर आधारित उत्पाद पर शुल्क जारी रखने की आवश्यकता की जांच करने की जरूरत भी होगी। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निर्दिष्ट प्राधिकारी ने समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को बदल दिया है। लेकिन संदर्भित मामलों की जांच दर्शाती है कि वे समीक्षाएं अलग–अलग संदर्भों में थीं। वर्तमान मामले में मूल जांच में डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू को दो अलग–अलग उत्पाद प्रकार माना गया था और पाटन मार्जिन एक क्षति मार्जिन का निर्धारण सम्पूर्ण उत्पाद के रूप में किया गया था। अतः किसी उत्पाद प्रकार को हटाकर इस उत्पाद में किसी प्रकार के परिवर्तन से पाटन और हानि निर्धारिण में कठिनाई आ सकती है जैसा कि स्वयं घरेलू उद्योग द्वारा कहा गया है। अतः ये उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर करना उपयुक्त नहीं होगा तथा तदनुसार यह प्राधिकारी मूल जांच में विचाराधीन उत्पाद के संदर्भ में इस समीक्षा जांच में पाटन और हानि की संभावना और पाटन, हानि दोनों की जांच करना आवश्यक समझता है। अतः विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू दोनों शामिल हैं जैसा कि मूल जांच में किया गया है।

37. यह प्राधिकारी आगे यह नोट करता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद संबद्ध देशों से आयातित सामानों का सदृश्य वस्तु है। घरेलू उत्पादों द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद और संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद इन वस्तुओं के भौतिक और रासायनिक लक्षणों, निर्माण की प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, इनके कार्य एवं उपयोग, उत्पाद का विनिर्देशन, मूल्य निर्धारण, वितरण एवं विपणन और शुल्क का वर्गीकरण के मामले में तुलनीय हैं। यह दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापन योग्य हैं। अतः घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित सामान इस नियमावली के के संबद्ध में समान वस्तु हैं।

38. निश्चित पाटनरोधी शुल्क केन्द्र सरकार द्वारा सीमा शुल्क शीर्ष 85234160 और 85234940 के अंतर्गत दिनांक जनवरी/22/2009 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 8/2009–सीमा शुल्क के माध्यम से आरोपित किया गया है। विचाराधीन उत्पाद सीमा शुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के सीमा शुल्क शीर्ष 85234160 और 85234940 के अंतर्गत वर्गीकृत है। हालांकि सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और यह जांच के क्षेत्र में बाध्यकारी नहीं है।

39. वर्तमान एसएसआर जांच में घरेलू उद्योग के याचिकाकर्ता को विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करने की क्षमता है।

## घ. घरेलू उद्योग एवं उसका स्थान

### घ. 1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

40. घरेलू उद्योग द्वारा घरेलू उद्योग का क्षेत्र एवं उसके स्थान के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं :

i. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि इस देश में विचाराधीन उत्पाद के चार अन्य ज्ञात उत्पादक नामतः मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमिटेड, मैसर्स जूपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड, मैसर्स नेक्स्ट स्टार डिजिटल और मैसर्स शांति प्लास्ट हैं।

ii. हालांकि, याचिकाकर्ता, मैसर्स मोजर बेयर इण्डिया लिमि. का पीओआई के दौरान संबद्ध वस्तुओं का भारतीय उत्पादन में 86 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है और इसलिए यह घरेलू उद्योग को बनाता है और इस जांच के प्रयोजन से स्थाई आवश्यकता को संतुष्ट करता है।

### घ. 2 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध

41. निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों में से किसी ने इस संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है।

42. मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमिटेड ने इस याचिका का समर्थन किया है लेकिन संगत प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है।

**घ. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच**

43. प्राधिकारी नोट करते हैं कि देश में संबद्ध वस्तुओं के अन्य ज्ञात उत्पादक नामतः : मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमिटेड, मैसर्स जूपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड, मैसर्स नेक्स्ट स्टार डिजिटल और मैसर्स शांति प्लास्ट हैं। मैसर्स यूरो मल्टीविजन लिमिटेड ने याचिका का समर्थन किया है। मैसर्स जूपिटर इंटरनेशनल लिमिटेड, मैसर्स नेक्स्ट स्टार डिजिटल और मैसर्स शांति प्लास्ट से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। वर्तमान जांच में किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई विरोध नहीं किया गया है। आवेदक उत्पादक का उत्पादन संबद्ध वस्तुओं के कुल उत्पादन का बड़ा हिस्सा है और इसलिए आवेदक पाटनरोधी नियमावली के अनुसार शब्द के अर्थ के अनुसार घरेलू उद्योग में आता है।

**ङ वर्तमान पाटन का निर्धारण और पाटन के जारी रहने अथवा बार–बार होने की संभावना**

**ङ 1 कानूनी स्थिति**

44. सीमा शुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 9ए (5) में यह प्रावधान है कि :–

*"इस धारा के अंतर्गत आरोपित पाटनरोधी शुल्क यदि पहले इसे निरस्त नहीं किया गया हो, ऐसे आरोपण की तिथि से पांच वर्षों के समाप्त होने पर लागू नहीं रहेगा :*

*बशर्ते कि यदि केंद्रीय सरकार की किसी समीक्षा में यह मत हो कि ऐसे शुल्क को समाप्त करने से पाटन और क्षति जारी रह सकती है अथवा बार–बार होने की संभावना है तब यह समय–समय पर ऐसे आरोपण की अवधि को अगले पांच वर्षों की अवधि तक बढ़ा सकता है और ऐसी आगे की अवधि इसके विस्तार के आदेश की तिथि से लागू होगी;*

*आगे यह प्रावधान किया गया है कि जहां पांच वर्षों की उपर्युक्त अवधि के समाप्त होने के पूर्व शुरू की गई समीक्षा ऐसी समाप्ति की तिथि के पूर्व समाप्त नहीं हुई है, तब पाटनरोधी शुल्क एक वर्ष से अधिक अवधि तक ऐसी समीक्षा के परिणाम के लंबित रहने तक लागू रह सकता है।"*

45. तदनुसार एक अंतिम समीक्षा जांच को इस बात की जांच करना है कि :

- क्या पाटन पाटनरोधी शुल्क के आरोपण के बाद भी जारी रहता है, और यदि हां तो क्या इसे जारी रहने की संभावना है;
- उन मामलों में जहां पाटन जारी नहीं था, क्या पाटन की पुनरावृत्ति पाटनरोधी शुल्क को निरस्त किये जाने की स्थिति में होगी;
- क्या घरेलू उद्योग को व्यापक हानि होती रही और यदि हां तो क्या घरेलू उद्योग को हानि जारी रहने की संभावना है, यदि शुल्कों को निरस्त कर दिया गया हो;
- उन मामलों में जहां घरेलू उद्योग को सतत हानि नहीं हुई है, क्या घरेलू उद्योग को हानि पाटनरोधी शुल्कों के निरस्त किये जाने की स्थिति में फिर होने की संभावना है।

46. अतः प्राधिकारी को सर्वप्रथम इस बात की जांच करने के लिए कार्रवाई करनी है कि क्या संबद्ध वस्तुओं का पाटन संबद्ध देशों से होना जारी है और क्या यदि करों को निरस्त कर दिया जाता है तो पाटन हानि की जांच और हानि के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की जांच करने के लिए कार्रवाई करनी होगी।

**ङ 2 पाटन जारी रहने की जांच और सामान्य मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन मार्जिन का निर्धारण**

**ङ 2.1 घरेलू उद्योग का दृष्टिकोण**

47. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चीन के गैर–बाजार अर्थव्यवस्था होने के कारण, उस देश में संबद्ध वस्तुओं के सामान्य मूल्य का निर्धारण उस देश में प्रचलित मूल्य के आधार पर नहीं किया जा सकता है और इसलिए इसका निर्माण किये जाने की आवश्यकता है। चीन में सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ यह तर्क दिया है कि :

i. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा नहीं दिया जा सकता है यदि उत्तर देने वाले निर्यातक/कम्पनी और इसका समूह कुल मिलाकर एक दावा नहीं करते हैं। वर्तमान मामले में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार के लिए कोई दावा नहीं है। चीन के किसी निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है और न ही बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा किया।

ii. मूल जांच में, प्राधिकारी ने चीन के किसी निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा नहीं दिया था और यह संशोधित उक्त नियमावली के अनुबंध–1 के पैरा 7 और 8 के संबंध में उचित लाभ के साथ चीन में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की अनुमानित लागत पर आधारित निर्मित सामान्य मूल्य के आधार पर चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण किया था। प्राधिकारी को वर्तमान जांच में जन. गण के लिए सामान्य मूल्य की गणना करने हेतु उसी कार्यविधि को अपनाने पर विचार करना चाहिए।

iii. चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण (क) भारत में मूल्य तथा (ख) बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक खर्चे और लाभ सहित विधिवत समायोजित भारत में उत्पादन की लागत के आधार पर किया जा सकता है ।

iv. चीन में सामान्य मूल्य का निर्धारण भारत में विधिवत समायोजित उत्पादन लागत के आधार पर किया जाना चाहिए और चीन में सामान्य मूल्य कच्चे माल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य पर विचार करते हुए और घरेलू उद्योग सहित सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के अनुसार उपभोग मानदंडों और परिवर्तन लागत को अपनाते हुए किया जाये।

v. जहां तक हाँग काँग और चीनी ताईपेई का प्रश्न है, उन देशों में सामान्य मूल्य के बारे में कोई सूचना देते हुए किसी निर्यातक अथवा किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार से कोई उत्तर नहीं आया है। इन देशों से उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में इन देशों के लिए सामान्य मूल्य को भी कच्चे माल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य पर विचार करते हुए और घरेलू उद्योग सहित सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के अनुसार उपभोग मानदंडों और परिवर्तन लागत को अपनाते हुए किया जाये।

### ङ 2.2 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध

48. किसी उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा इस संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

### ङ 2.3 बाजार अर्थव्यवस्था दावों की जांच और चीन जन. गण में सामान्य मूल्य का निर्धारण

49. जांच आरंभ करने के चरण में प्राधिकारी ने इस पूर्वानुमान के साथ कार्यवाही की कि चीन जन. गण. एक बाजार अर्थव्यवस्था देश है। जांच शुरू करने पर इस प्राधिकारी ने चीन के उत्पादकों एवं निर्यातकों को जांच आरंभ करने की सूचना का उत्तर देने और उनके बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के निर्धारण से संबंधित सूचना प्रदान करने की सलाह दी। प्राधिकारी ने इस नियमावली के अनुबंध I के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर–बाजार अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमान का खंडन करने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को एमईटी प्रश्नावली की प्रतियां भेजीं। प्राधिकारी ने चीन की सरकार को यह भी अनुरोध किया कि वह चीन के उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना प्रदान करने के सलाह दे। हालांकि चीन के किसी उत्पादक/निर्यातक ने कोई उत्तर नहीं दिया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि विगत वर्षों में चीन जन. गण को भारत तथा अन्य डब्ल्यूटीओ सदस्यों द्वारा पाटनरोधी जांच में गैर–बाजार अर्थव्यवस्था देश के रूप में माना गया है।

50. उपर्युक्त स्थिति को देखते हुए तथा चीन की किसी निर्यातक कम्पनी द्वारा गैर–बाजार अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमान का खंडन नहीं किए जाने पर, यह प्राधिकारी चीन जन. गण को वर्तमान जांच में गैर–बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में मानना उपयुक्त समझते हैं और चीन जन. गण. के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु नियमावली के अनुबंध। के पैरा 7 के अनुसार कार्यवाही करने का प्रस्ताव करते हैं।

51. पाटनरोधी नियमावली का अनुबंध I का पैरा 7 में प्रावधान है कि—

*"गैर–बाजार अर्थव्यवस्था देशों से आयात के मामले में, सामान्य मूल्य का निर्धारण मूल्य अथवा तीसरे देश की बाजार अर्थव्यवस्था में निर्धारित मूल्य अथवा तीसरे देश से अन्य देशों जिसमें भारत शामिल है, को मूल्य अथवा जहां यह संभव नहीं हो अथवा किसी अन्य उचित आधार जिसमें विधिवत समायोजित समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तविक रूप से प्रदत्त अथवा देय मूल्य सहित यदि आवश्यक हो तो उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए निर्धारित किया जायेगा। एक उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था तीसरे देश का चयन संबंधित देश के विकास के स्तर और प्रश्नगत उत्पाद के स्तर को ध्यान में रखकर उचित तरीके से निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा किया जायेगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर भी उचित विचार किया जायेगा। यह विचार निर्धारित समय सीमा में किया जायेगा और जहां उपयुक्त हो किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में किसी वैसे मामले में की गई जांच को ध्यान में रखा जायेगा। जांच के पक्षकारों को बिना किसी अनुचित विलंब के तीसरे देश की बाजार अर्थव्यवस्था के उपर्युक्त चयन के बारे में सूचित किया जायेगा और उनकी टिप्पणियों में उन्हें उचित समयाविधि दी जायेगी।*

52. चूंकि चीन जन. गण. के सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई अन्य उचित सूचना नहीं दी गई है अतः सामान्य मूल्य का निर्धारण प्रमुख कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के उचित समायोजन के बाद भारत में कार्यक्षम घरेलू उत्पादक के उत्पादन की लागत के आधार पर किया गया है। प्राधिकारी ने अपने सतत् प्रथा के अनुसार उचित लाभ का भी प्रावधान किया है। तदनुसार चीन के निर्यातकों के लिए नियत सामान्य मूल्य का निर्धारण नीचे दिये गये अनुसार किया गया है :

| नियत सामान्य मूल्य | डीवीडी–आर | डीवीडी–आरडब्ल्यू |
|---|---|---|
| | रु./प्रति नग | रु./प्रति नग |
| अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अनुसार कच्चे माल की कीमत | **** | **** |
| उपभोक्ता | **** | **** |
| ब्याज सहित एसजीए | **** | **** |
| लाभ | **** | **** |
| सीएनवी (रू./नग) | **** | **** |
| सीएनवी प्रति अमरीकी डॉलर प्रति हजार नग | **** | **** |
| विनिमय दर अमरीकी डॉलर = 54.65 भारतीय रुपए | | |

53. तदनुसार डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू के लिए चीन हेतु नियत सामान्य मूल्य का निर्धारण क्रमशः अमरीकी डॉलर **** और अमरीकी डॉलर **** प्रति हजार नग के रूप में किया गया है।

### ङ 3 हॉग कॉग और ताईवान में सामान्य मूल्य का निर्धारण

54. चूंकि हाँग काँग और चीनी ताईपेई में किसी उत्पादक अथवा निर्यात ने उन देशों में संबद्ध वस्तुओं के सामान्य मूल्य के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है अतः यह अधिकारी घरेलू उद्योग की याचिका में निहित सूचना सहित सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर इन देशों में सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए मजबूर है। तदनुसार प्राधिकारी ने उचित लाभ का विधिवत प्रावधान के साथ सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के रूप में प्रमुख कच्चे मालों की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के लिए उचित समायोजन करने के बाद भारत में कार्यक्षम घरेलू उत्पादक के उत्पादन की लागत के आधार पर हाँग काँग और चीनी ताईपेई में सामान्य मूल्य का निर्धारण किया है। तदनुसार हाँग काँग और चीनी ताईपेई में संबद्ध वस्तुओं के प्रस्तावित सामान्य मूल्यों का निर्धारण डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू के लिए क्रमशः अमरीकी डॉलर **** और अमरीकी डॉलर **** प्रति हजार नग के रूप में किया गया है।

### ङ 4 निर्यात मूल्य

55. चूंकि संबद्ध देशों के किसी निर्यातकों ने कोई सूचना नहीं दी है जिसका उपयोग निर्यात मूल्य के निर्धारण के लिए किया जा सकता है, इस प्राधिकारी ने डीजीसीआई एंड एस आंकड़ों के अनुसार भारत में आयात के सीआईएफ मूल्यों के आधार पर संबद्ध देशों से सभी निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य का निर्धारण किया है।

56. यह प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीजीसीआई एंड एस आंकड़ों के अनुसार पीओआई के दौरान हाँग काँग से डीवीडी–आर का कोई आयात नहीं हुआ है। पीओआई के दौरान चीन जन. गण. और चीनी ताईपेई से डीवीडी–आर का आयात बहुत कम हुआ है। डीजीसीआई एंड एस आंकड़े सूचित करते हैं कि केवल 1.56 लाख नग डीवीडी–आर का आयात चीन जन. गण. से और 10,000 नग डीवीडी–आर का आयात चीनी ताईपेई से किया गया था। जहां डीवीडी–आरडब्ल्यू का प्रश्न है, पुनः हाँग काँग से कोई आयात नहीं हुआ है और डीजीसीआई एंड एस आंकड़े बताते हैं कि केवल 2.71 लाख नग का आयात चीन जन. गण से और 92,000 नग आयात चीनी ताईपेई से किया गया था। किसी अन्य विश्वसनीय सूचना के अभाव में प्राधिकारी ने चीन जन. गण. और चीनी ताईपेई से निर्यात मूल्यों का आंकलन करने के लिए इन कारोबारों पर विश्वास किया है। हाँग काँग के मामले में किसी निर्यात मूल्य का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

57. चीन जन. गण. चीनी ताईपेई से निर्यात मूल्यों की गणना एक्स वर्क स्तर पर निर्यात मूल्यों का निर्धारण करने के लिए संबद्ध देशों में अलग–अलग निर्यातकों से ठोस सूचना के अभाव में सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के रूप में क्लीयेरिंग प्रभार और बैंक प्रभार, निर्यात के देश में समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, पत्तन प्रभार, कमीशन, अंतर्देशीय ढुलाई के लिए लागू समायोजनों के साथ डीजीसीआई एंड एस आंकड़ों से सीआईएफ कीमतों के आधार पर की गई है। तदनुसार इन देशों से निर्यात मूल्य का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है :

| विवरण | इकाई | चीन जन. गण. | | ताईवान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | डीवीडी–आर | डीवीडी–आरडब्ल्यू | डीवीडी–आर | डीवीडी–आरडब्ल्यू |
| आयात की मात्रा | लाख नग | | | | |
| आयात का सीआईएफ मूल्य | लाख रुपए | | 123.30 | | 34.25 |
| सीआईएफ मूल्य | रु./नग | | 45.50 | | 37.07 |
| समुद्री भाड़ा | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| समुद्री बीमा | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| एफओबी निर्यात मूल्य | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| पत्तन प्रभार @ 0.50 % | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| अंतर्देशीय भाड़ा @ 0.50 % | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| रखरखाव प्रभार @ 1% | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| क्लीयेरिंग चार्जेज @ 1% | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| बैंक प्रभार | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| वेट @ 4% | रु./नग | **** | **** | - | - |
| निवल निर्यात मूल्य | रु./नग | | 41.31 | | 35.02 |
| विनिमय दर-अमरीकी डॉलर | भारतीय रुपए | | 54.65 | 54.65 | 54.65 |
| निवल निर्यात मूल्य | अमरीकी डॉलर प्रति हजार | | 755.85 | 101.97 | 640.80 |

**ई. 5. पाटन मार्जिन**

58. ऊपर दर्शायी गयी पद्धति के अनुसार संबद्ध देशों के लिए इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य की तुलना संबद्ध देशों में सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निर्धारित करने हेतु पूर्ववर्ती पैराग्राफ में इस प्रकार निर्धारित एक्स कारखाना स्तर पर संबंधित निर्यात मूल्य के साथ तुलना की गई है जो नीचे दिया गया है :

| डीवीडी–आर | पीआरसी | हाँगकाँग | ताईवान |
|---|---|---|---|
| नियत सामान्य मूल्य (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | **** | **** | **** |
| भारत में एक्स–फैक्ट्री निर्यात मूल्य (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | 62.08 | - | 101.97 |
| पाटन मार्जिन (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | **** | **** | **** |
| पाटन मार्जिन (%) | **** | **** | **** |
| पाटन मार्जिन (रेंज %) | 100-120% | | 25-35% |
| **डीवीडी–आरडब्ल्यू** | पीआरसी | हाँगकाँग | ताईवान |
| नियत सामान्य मूल्य (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | **** | **** | **** |
| भारत में एक्स–फैक्ट्री निर्यात मूल्य (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | 755.85 | - | 640.80 |
| पाटन मार्जिन (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | (****) | - | (****) |
| पाटन मार्जिन (%) | (****%) | - | (****%) |
| पाटन मार्जिन (रेंज %) | (60-70%) | | (50-60%) |
| विचाराधीन उत्पाद के लिए भारित औसत पाटन मार्जिन | | | |
| भारित औसत पाटन मार्जिन (अमरीकी डॉलर) प्रति हजार नग | (****) | | (****) |
| % | (**) | | (**) |
| पाटन मार्जिन (रेंज %) | (10-20%) | | (50-60%) |

59. उपर्युक्त आकलन दर्शाता है कि जबकि डीवीडी–आर पाटित मूल्यों पर चीन जन. गण. और चीनी ताईपेई से भारतीय बाजार में आता रहा, डीवीडी–आरडब्ल्यू अपाटित मूल्यों भारतीय बाजार में आ रहा है। कुल मिलाकर उत्पाद के लिए समग्र पाटन मार्जिन ऋणात्मक है। तथापि, जैसा कि पहले नोट किया गया है, संबद्ध सामानों के आयात की मात्रा पीओआई के दौरान कम रहने के कारण और इस तथ्य पर विचार करने के बाद कि शुल्क इस अवधि के दौरान लागू था, ऊपर परिकलित पाटन मार्जिन शुल्कों के निरस्त किये जाने पर संभावित परिदृश्य की सही तस्वीर प्रस्तुत नहीं कर सकता है। अतः प्राधिकारी ने बाद के पैराग्राफ में संबंधित वस्तुओं के पाटन को जारी रखने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की जांच की है।

**च. पाटन के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति की संभावना**

**च. 1 घरेलू उद्योग के दृष्टिकोण**

60. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस समीक्षा में जांच के अधीन देशों के अलावा विभिन्न देशों से संबद्ध वस्तुओं के पाटन का इतिहास है। 2009 में संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं पर निश्चित शुल्क के आरोपण के बाद, ये वस्तु पाटित मूल्यों पर कई अन्य देशों से आयात किया जाने लगा और इस प्राधिकारी ने मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम में उत्पादित अथवा वहां से निर्यातित डिजिटल वर्सिटाइल डिस्क रिकॉर्डेबल (डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू) के आयात के विरुद्ध अलग जांच की और मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम से विचाराधीन उत्पाद के आयात के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क के आरोपण की सिफारिश की। निश्चित पाटनरोधी शुल्क 28 सितंबर, 2010 के अधिसूचना के माध्यम से आरोपित किए गए। तत्पश्चात इस प्राधिकारी ने मध्यावधि समीक्षा की जिसमें इस शुल्क को वियतनाम से संबद्ध वस्तुओं के आयात के विरुद्ध बढ़ाया गया था। वित्त मंत्रालय ने दिनांक 31 दिसंबर, 2013 की अधिसूचना के माध्यम से बढ़े हुए शुल्क को आरोपित किया।

61. यह तर्क दिया गया है कि चीन डीवीडी के सबसे बड़े उत्पादकों और निर्यातकों में से एक बना हुआ है जो विश्व बाजार में निर्यात की उनकी मात्रा से स्पष्ट है उनकी क्षमता और उत्पादन चीन में घरेलू मांग से बहुत अधिक है। 2012–13 में चीन ने विश्व बाजार में लगभग 2337.90 मिलियन नग डिस्क का निर्यात किया। वे मूल्य जिन पर विभिन्न बाजारों में इनका निर्यात किया जा रहा है स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि यदि शुल्कों को नहीं हटाया जाता है तो पाटन जारी रहेगा अथवा और अधिक होगा। ताईवान भी विश्व बाजार में डीवीडी का सबसे बड़े निर्यातकों में से एक बना हुआ है।

**विश्व बाजार में 2012–13 के दौरान चीन द्वारा डीवीडी का निर्यात**

| | डीवीडीआर | | | डीवीडीआर डब्ल्यू | | | डीवीडीआर + डीवीडी आर डब्ल्यू | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शीर्ष देश | कुल मात्रा | कुल मूल्य (अमरीकी डॉलर) | औसत मूल्य अमरीकी डॉलर प्रति हजार | कुल मात्रा | कुल मूल्य (अमरीकी डॉलर) | औसत मूल्य अमरीकी डॉलर प्रति हजार | कुल मात्रा | कुल मूल्य (अमरीकी डॉलर) | औसत मूल्य अमरीकी डॉलर प्रति हजार |
| **चीन का कुल निर्यात** | **2281523710** | **227640705** | **99.78** | **56381158** | **13950436** | **247.43** | **2337904868** | **241591141** | **103.34** |
| यूनाइटेड स्टेट्स | 312731248 | 32482841 | 103.87 | 937275 | 238934 | 254.92 | 313668523 | 32721775 | 104.32 |
| ब्राजील | 300821245 | 29825997 | 99.15 | 6442723 | 1599651 | 248.29 | 307263968 | 31425648 | 102.28 |
| म्यांमार | 200933450 | 19444786 | 96.77 | 100000 | 26000 | 260.00 | 201033450 | 19470786 | 96.85 |
| नाइजीरिया | 147778381 | 13985670 | 94.64 | | | | 147778381 | 13985670 | 94.64 |
| चिली | 135994796 | 13527776 | 99.47 | 1759800 | 435766 | 247.62 | 137754596 | 13963542 | 101.37 |
| नीदरलैंड | 130150000 | 13777977 | 105.86 | 919800 | 220823 | 240.08 | 131069800 | 13998800 | 106.80 |
| पाकिस्तान | 71326136 | 7159586 | 100.38 | 1129200 | 259824 | 230.10 | 72455336 | 7419410 | 102.40 |
| पनामा | 63542400 | 6481785 | 102.01 | 60000 | 14780 | 246.33 | 63602400 | 6496565 | 102.14 |
| साउथ अफ्रीका | 56795158 | 5812963 | 102.35 | 970275 | 239277 | 246.61 | 57765433 | 6052240 | 104.77 |
| यूनाइटेड किंगडम | 54526082 | 5568245 | 102.12 | 800840 | 202589 | 252.97 | 55326922 | 5770834 | 104.30 |
| किरगिजिया | 46312500 | 4695869 | 101.40 | 5946970 | 1445659 | 243.09 | 52259470 | 6141528 | 117.52 |
| एक्वाडर | 52128700 | 5240666 | 100.53 | | | | 52128700 | 5240666 | 100.53 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| केन्या | 38654820 | 3802405 | 98.37 | 1080000 | 246000 | 227.78 | 39734820 | 4048405 | 101.89 |
| वियतनाम | 28092400 | 2715148 | 96.65 | 8961025 | 2151038 | 240.04 | 37053425 | 4866186 | 131.33 |
| ताईवान | 33912700 | 3185276 | 93.93 | 18424 | 4583 | 248.75 | 33931124 | 3189859 | 94.01 |
| बेनिन | 32734656 | 3025229 | 92.42 | | | | 32734656 | 3025229 | 92.42 |
| वेनेजुएला | 31102115 | 2991852 | 96.19 | | | | 31102115 | 2991852 | 96.19 |
| फिलिपींस | 31048200 | 3056309 | 98.44 | | | | 31048200 | 3056309 | 98.44 |
| हाँग काँग | 30316400 | 2932563 | 96.73 | 633000 | 150418 | 237.63 | 30949400 | 3082981 | 99.61 |
| मैक्सिको | 29289000 | 2878442 | 98.28 | | | | 29289000 | 2878442 | 98.28 |
| उरुग्वे | 28233400 | 3081005 | 109.13 | | | | 28233400 | 3081005 | 109.13 |
| श्रीलंका | 22264480 | 2186406 | 98.20 | 1040320 | 262406 | 252.24 | 23304800 | 2448812 | 105.08 |
| मलेशिया | 20123638 | 1972862 | 98.04 | 2959900 | 715076 | 241.59 | 23083538 | 2687938 | 116.44 |
| पोलैण्ड | 20415200 | 1989325 | 97.44 | 214200 | 50725 | 236.81 | 20629400 | 2040050 | 98.89 |
| जर्मनी | 19372300 | 2007793 | 103.64 | 596470 | 154222 | 258.56 | 19968770 | 2162015 | 108.27 |
| तजाकिस्तान | 19520944 | 2037718 | 104.39 | 258000 | 65400 | 253.49 | 19778944 | 2103118 | 106.33 |
| यूनाइटेड अरब अमीरात | 18371100 | 1799457 | 97.95 | 2000 | 480 | 240.00 | 18373100 | 1799937 | 97.97 |
| उक्रेन | 17768760 | 1742725 | 98.08 | | | | 17768760 | 1742725 | 98.08 |

आंकड़े के स्रोत : चीन कस्टम्स आंकड़े

62. घरेलू उद्योग द्वारा आगे यह तर्क दिया गया है कि रिटेक विचाराधीन उत्पाद के ज्ञात प्रमुख निर्यातकों में से एक है जिसकी ताईवान, चीन, वियतनाम में उत्पादन सुविधाएं हैं। पाटनरोधी शुल्क के आरोपण के बाद और ताईवान से आयात पर पाटनरोधी शुल्क से बचने के उद्देश्य से, रिटेक ने वियतनाम में कुछ निर्माण सुविधाएं स्थापित की और वियतनाम से पाटन करना शुरू किया। जब ताईवान से आयात के संबंध में जांच की जा रही थी तब रिटेक ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया। हालांकि जब निर्दिष्ट प्राधिकारी ने वियतनाम के संबंध में जांच शुरू की तब रिटेक ने उत्तर दिया और जांच में पूर्णरूप से भाग लिया। पाटनरोधी शुल्क की बहुत कम मात्रा वियतनाम से आयात के संबंध में रिटेक पर आरोपित किया गया था। कम्पनी ने वियतनाम से पाटन तेज कर दिया और वियतनाम से निर्यात करना जारी रखा। इस अवधि के दौरान चीन और ताईवान से आयात की मात्रा बहुत कम रही है। घरेलू उद्योग ने सघन पाटन को देखते हुए वियतनाम से आयात के संबंध में समीक्षा हेतु याचिका दायर की। कम्पनी ने मध्यावधि समीक्षा का कोई उत्तर नहीं दिया। विस्तृत जांच करने के बाद निर्दिष्ट प्राधिकारी से वियतनाम से आयात पर बढ़े हुए शुल्क आरोपित करने की सिफारिश की जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा ओरापित किया गया था। इन परिस्थितियों में यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क ताईवान और चीन से हटाया जाता है तब कम्पनी ताईवान और चीन जहां भी शुल्क समाप्त किया जायेगा, पाटन करना शुरू कर देगा। इसके अलावा जिस मूल्य पर कम्पनी वर्तमान पीओआई के दौरान वियतनाम से सामानों का निर्यात कर रही थी, स्पष्ट रूप से उसकी कीमत का सुझाव देती है जिस पर कम्पनी पाटनरोधी शुल्क हटाने की स्थिति में ताईवान और चीन से पाटन करेगी।

63. हाँग काँग के संबंध में घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि यद्यपि जांच के अंतर्गत की अवधि के दौरान हाँग काँग से कोई आयात नहीं हुआ है तथापि हाँग काँग से बार—बार पाटन किये जाने की प्रबल संभावना है। यह तर्क दिया गया है कि यद्यपि हाँग काँग में पूर्ण उत्पादन सुविधा नहीं है तथापि चीन के सीमा शुल्क के आंकड़े दर्शाते हैं कि इस उत्पाद का आयात चीन जन. गण से हाँग काँग में पर्याप्त मात्रा में चीन में अनुमानित सामान्य मूल्य से बहुत कम कीमत पर किया जा रहा है।

**चीन जन. गण. से हाँग काँग में निर्यात**

| **विवरण** | **इकाई** | **डीवीडी—आर** | **डीवीडी—आरडब्ल्यू** |
|---|---|---|---|
| निर्यात | नग | 21,044,200 | 3,00,000 |
| निर्यात मूल्य | अमरीकी डॉलर प्रति हजार नग | 93.25 | 224.82 |

64. घरेलू उद्योग का तर्क है कि हाँग काँग को निर्यात की मात्रा से यह स्पष्ट है कि चीन से इन आयातों का उद्देश्य आगे निर्यात करना है। यह मात्रा इतनी अधिक है कि इसका उपभोग हाँग काँग में उपभोक्ताओं द्वारा नहीं किया जा सकता है — और अधिक इस बात देखते हुए कि इस देश के उत्पाद और आकार की प्रकृति छोटी है। हाँग काँग सरकार, जनगणना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि हाँग काँग से कुल इलैक्ट्रॉनिक निर्यात का 95 प्रतिशत का पुनः निर्यात हुआ। दूसरे शब्दों में इन सामानों का आयात हाँग काँग में किया गया था (बहुत बड़ा हिस्सा चीन का है) और तब उसका निर्यात अन्य देशों में किया गया है। जबकि इस रिपोर्ट में सभी इलैक्ट्रॉनिक शामिल हैं, यह अनुरोध है कि यह सूचना इस दावे का समर्थन करती है कि सामान्य रूप से इलैक्ट्रॉनिक के मामले में हाँग काँग से पुनः निर्यात की अत्यधिक प्रवृत्ति है। अन्यथा यह सामान्य ज्ञान की बात है कि हाँग काँग विभिन्न देशों से सामानों का आयात करने और विभिन्न देशों को निर्यात करने के लिए एक महत्वपूर्ण

व्यापारिक केन्द्र है। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से डीवीडी का चीन से हाँग काँग में आयात को दर्शाते हैं, जिसका बाद में हाँग काँग से अन्य देशों में निर्यात किया गया है। अतः शुल्कों को हटा देने की स्थिति में इन निर्यातों को भारत में किया जायेगा। यह पाटनरोधी शुल्क को हटाने की स्थिति में सघन पाटन की स्पष्ट संभावना सिद्ध करती है।

65. घरेलू उद्योग में आगे यह तर्क दिया है कि डीवीडी पर विगत सभी जांचों ने इन उत्पादों की पर्याप्त पाटन दर्शायी है जिससे वैश्विक उत्पादकों द्वारा पाटन का इतिहास सिद्ध हुआ है।

| क्र.सं. | उत्पादन | पीओआई | देश | पाटन मार्जिन % | एडीडी अमरीकी डॉलर प्रति हजार नग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीवीडी-1 | अप्रैल 2006 से जून 2007 | चीन जन. गण. | 64.72 | 68.11 - 48.11 |
| | | | हाँग काँग | 62.96 | 66.72 |
| | | | चीनी ताईपई | 63.50 | 45.63 |
| 2 | डीवीडी-2 | अप्रैल 2008 से मार्च 2009 | मलेशिया | 34.05 | 35.92 |
| | | | थाइलैंड | 22.51 | 25.98 |
| | | | वियतनाम | 64.09 | 29.75 - 50.51 |
| 3 | डीवीडी-3 (एमटीआर) | अप्रैल 2011 से मार्च 2012 | वियतनाम | 105-115 | 73.01 |

66. अतः पाटनरोधी शुल्क हटाये जाने की स्थिति में, इन निर्यातकों को भारत में विचाराधीन उत्पाद को पाटित करने का बहुत बड़ा अवसर मिलेगा जिससे घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा निकल जायेगा। घरेलू उद्योग के लिए शेष बाजार अवसर, यदि पाटित आयात से समाप्त कर दिया जाता है, भारतीय उत्पादकों के पास बाजार में बने रहने के लिए भारी घाटे उठाने अथवा अपने संयंत्रों को बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा।

67. यह तर्क दिया गया है कि संबद्ध देशों में संबद्ध सामानों के उत्पादक बहुत अधिक क्षमता बनाए रखते हैं। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि आयात आंकड़ों के अनुसार केवल चीन में विचाराधीन उत्पाद के लगभग 178 उत्पादक/ निर्यातक हैं। घरेलू उद्योग ने यह सूचना चीन जन. गण और चीनी ताईपेई में कुछ उत्पादकों की अनुमानित क्षमताओं के आधार पर निम्नलिखित सूचना इस तथ्य को साबित करने के लिए दी है कि इन देशों की अधिक क्षमताओं से हुए इन सामानों को इस शुल्क को हटाये जाने की स्थिति में सामानों का निर्यात करने में सक्षम होंगे यद्यपि कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं दिया गया है:

| क्र.सं. | नाम | क्षमता/उत्पादन (सी/पी) |
|---|---|---|
| **चीन** | | |
| 1. | गुआंगडोंग न्यू फेस लेजर टेकनोलॉजी कं. लिमि. | 100 मिलियन नग प्रति माह (सी) |
| 2. | शंघाई सन्स्ड इलैक्ट्रॉनिक टेकनोलॉजी कं. लिमि. | 300,000 सीडी रोम और 160,000 डीवीडी5, डीवीडी9 और वीसीडी प्रति दिन (पी) |
| 3. | शानतॉउ एस.ई.जेड वो हिंग रेडियो एंड वीडियो कं. लिमि. | 8 मिलियन सीडीआर और 15 मिलियन डीवीडीआर प्रतिमाह।<br>16 ओप्टिक डिस्क उत्पादन लाईन। |
| 4. | गुआंगझिंग ट्रेनिग ग्रुप क. (मकाओ) | 5,000,000 नग प्रति माह |
| 5. | गुआंगझाउ बनाना डिजिटल कम्पनी लिमिटेड | 140,000,000 नग/वर्ष (पी) |
| 6 | शेनजेन गुआनयू ओप्टो इलैक्ट्रॉनिक्स टेकनोलॉजी क., लिमि. | 20 मिलियन नग प्रति माह (पी) |
| 7 | शेनजेन टॉपफोर्ड डेवेलपमेंट लिमिटेड | 20 मिलियन नग (सी) |
| **ताईवान** | | |
| 8 | मिनटेक टेकनोलॉजी क., लिमि. | 500000 नग प्रति माह 1 मिलियन/माह |
| 9 | वानप्रस्थ कॉरपोरेशन | 10 मिलियन अमरीकी डॉलर – 50 मिलियन अमरीकी डॉलर कुल वार्षिक बिक्री मात्रा |
| 10 | ईआई मेजर टेकनोलॉजी क., लिमि. | 50000000 नग/ प्रति माह |
| 11 | मेलोडी टेकनोलॉजी कॉरपो. | 10 मिलियन अमरीकी डॉलर – 50 मिलियन अमरीकी डॉलर कुल वार्षिक बिक्री मात्रा |

68. जहां तक हाँग काँग का प्रश्न है घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि हाँग काँग से निर्यात चीन और ताईवान से संबद्ध वस्तुओं के पुनः निर्यात के अलावा कुछ नहीं है। अतः हाँग काँग पर पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किये जाने की स्थिति में चीन और ताईवान से संबद्ध वस्तुओं से आयात की मात्रा हॉग कॉग के द्वारा आगे बढ़ाना तय है।

69. घरेलू उद्योग ने आगे यह तर्क दिया है कि विश्व को संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद की निर्यात बिक्री बहुत अधिक है। संबद्ध देशों में अधिकांश उत्पादक अपने घरेलू बाजारों में बेचने के बजाय विचाराधीन उत्पाद का निर्यात करते रहे हैं जिसका स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि संबद्ध देशों में इन निर्मित वस्तुओं का निर्यात उन्मुखीकरण हो रहा है। शुल्क को हटाये जाने की स्थिति में, ये निर्यातक संभवतः पाटित मूल्यों पर भारत में अपना निर्यात बढ़ायेंगे। घरेलू उद्योग ने यह दर्शाने के लिए निम्नलिखित सूचना दी है कि सीडी और डीवीडी दोनों के लिए संबद्ध देशों में कुछ प्रमुख निर्यातकों द्वारा कुल कारोबार में निर्यात का प्रतिशत इन कम्पनियों के निर्यात उन्मुखीकरण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है और यह शुल्क समाप्त किये जाने पर पाटन के पुनः होने का स्पष्ट संकेत है।

*तालिका : निर्यात उन्मुखीकरण*

| नाम | निर्यात प्रतिशत |
|---|---|
| **चीन** | |
| शानतॉउ एस.ई.जेड वो हिंग रेडियो एंड वीडियो कं. लिमि. | 98% |
| गुआंगडोंग यूईडॉग मेगनेटोइलेक्ट्रिक क., लिमि. | 80% |
| शाबघाई सन्स्ड इलैक्ट्रॉनिक्स टेकनोलॉजी क. लिमि. | 21-30% |
| गुआंगझिंग ट्रेडिंग ग्रुप क. (मकाओ) | 61-70% |
| गुआंगझाउ बनाना डिजिटल कम्पनी लिमिटेड | 41-50% |
| **ताईवान** | |
| मिनटेक टेकनोलॉजी क., लिमि. | 91-100% |
| वानप्रस्थ कॉरपोरेशन | 91-100% |
| ईआई मेजर टेकनोलॉजी क., लिमि. | 71-80% |
| मेलोडी टेकनोलॉजी कॉरपो. | 61-70% |

70. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग ने आगे अनुरोध किया है कि यदि विचाराधीन उत्पाद के आयात की प्रवृत्ति का विश्लेषण किया जाये तो यह स्पष्ट रूप से दर्शायेगा कि विगत में विभिन्न देशों द्वारा पाटन की सतत प्रथा रही है। यदि पाटनरोधी शुल्क देशों के एक समूह पर लगाया जाता है तब पाटन देशों के दूसरे समूह द्वारा शुरू हो जायेगा। निर्यात में इस परिवर्तन से स्पष्ट रूप से उजागर होता है कि ये आयातक पाटन का सहारा जानबूझकर ले रहे हैं और इसलिए शुल्क हटाये जाने पर पाटन की पुनरावृत्ति होगी।

71. घरेलू उद्योग का आगे तर्क यह है कि हानि जांच अवधि के दौरान यूएई से संबद्ध वस्तुओं का पर्याप्त आयात हुआ है और इन आयातों के विरुद्ध कोई पाटनरोधी शुल्क नहीं है। यूएई में उत्पादन की क्षमता और उपभोग पर विचार करने के बाद यह दृष्टिगत होता है कि यूएई से निर्यात यूएई में आयात किये गये वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देता है। याचिकाकर्ता ने आगे यह आरोप लगाया है कि यूएई बाजार में प्रवेश करने वाले समग्र आयात चीनी मूल के हैं जिसका भारत में पुनः निर्यात किया जा रहा है। संभवतः इन वस्तुओं को पुनः प्रसारित करके ऐसा किया जा रहा है और इससे यह स्पष्ट होता है कि चीन के निर्यातक पाटनरोधी शुल्क के भुगतान से बचने के उद्देश्य से यूएई के माध्यम से अपने निर्यात कर रहे हैं जो निम्नलिखित आंकड़ों से स्पष्ट है :

| | मात्रा (नग) | मूल्य (अमरीकी डॉलर) |
|---|---|---|
| चीन से यूएई को निर्यात –2012 | 18,371,100 | 1,799,457 |
| यूएई से भारत में निर्यात–2012 | 17,836,847 | 2,173,853 |

**च. 2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दृष्टिकोण**

72. पाटन को जारी रखने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना के संबंध में किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार की ओर से कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

**च. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच**

73. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटन को जारी रखने को पूर्व खंड में यथा रिकार्ड की गई चीन जन. गण. और चीनी ताईपेई डीवीडी–आर आयात के मामले में सिद्ध किया गया है यद्यपि आयात की मात्रा जांच अवधि के दौरान काफी कम हो गई है। यद्यपि जांच अवधि के दौरान हाँग काँग से कोई आयात नहीं हुआ है फिर भी प्राधिकारी द्वारा हाँग काँग पर शुल्क हटाने की स्थिति में संभावित परिदृश्य की जांच करना अपेक्षित है। इस संदर्भ में घरेलू उद्योग ने एक मामला सिद्ध किया है कि चीन और ताईवान मूल के सामान संभवतः शून्य आयात के आधार पर उस देश के विरुद्ध शुल्क के हटाये जाने पर पाटित मूल्यों पर हाँग काँग के द्वारा भारतीय बाजार में प्रवेश करेंगे। जांच अवधि के दौरान चीन और ताईवान दोनों से संबद्ध वस्तुओं का हाँग काँग में पर्याप्त आयात हुआ है।

74. जहां तक डीवीडी–आरडब्ल्यू का प्रश्न है, यद्यपि जांच अवधि के दौरान आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है फिर भी कोई वर्तमान पाटन नहीं हुआ है। घरेलू उद्योग में स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि डीवीडी–आरडब्ल्यू का आयात वर्तमान में बहुत अधिक मूल्य पर किया जा रहा है और उन पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ रहा है। यह अनुरोध किया है कि चूंकि घरेलू उद्योग की अपनी उत्पादन मात्रा डीवीडी–आर के उत्पादन और बिक्री की तुलना में बहुत कम है, अतः डीवीडी–आरडब्ल्यू के आयात से पाटन और हानि के संबंध में उन्हें कोई खतरा नहीं होगा और इसलिए इस उत्पाद के विरुद्ध जांच बंद की जाये।

75. इस प्राधिकारी के समकक्ष उपलब्ध तथ्यों और घरेलू उद्योग द्वारा किये गये अनुरोध दर्शाते हैं कि संबद्ध वस्तुओं का पाटन का इतिहास रहा है और विगत कई जांचों में यह सिद्ध हुआ है कि इस उत्पाद का पाटन किया जा सकता है। यह भी सिद्ध किया गया है कि जबकि विचाराधीन उत्पाद की वैश्विक मांग में गिरावट की प्रवृत्ति है फिर भी चीन और चीनी ताईपेई में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए बहुत अधिक उत्पादन क्षमताएं मौजूद हैं। अतः मांग और आपूर्ति में अत्यधिक अंतर की स्थिति में इसकी प्रबल संभावना है कि इन दोनों देशों के निर्यातक उत्पादन को बनाये रखने और अपने घाटे को कम करने के उद्देश्य से पाटन का सहारा लेंगे। इन देशों में निर्यातकों के निर्यातक उन्मुखीकरण, इन देशों से निर्यात की मात्रा और मूल्य जिस पर इन वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है तथा पाटन के विगत इतिहास से भी ऐसे निष्कर्ष निकाले जा सकेंगे। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि चीन और चीनी ताईपेई से कुछ देशों में संबद्ध वस्तुओं के निर्यात की मात्रा तथा उन देशों से भारत में निर्यात कुछ ट्रांसशिपमेंट के मुद्दों को दर्शाने के लिए पर्याप्त हैं। ये मूल्य उन मूल्यों से तुल्य भी हैं जिन पर इन वस्तुओं का निर्यात भारत में किया जा रहा है। अतः चीन और चीनी ताईपेई पर शुल्क को हटाये जाने की स्थिति में अत्यधिक संभावना है कि ये सामान पाटित मूल्यों पर संबद्ध देशों से सीधे भारत में भेजे जायेंगे।

76. जहां तक हॉग कॉग का प्रश्न है यह सच है कि हानि की जांच अवधि के दौरान इस देश से संबद्ध वस्तुओं का कोई निर्यात नहीं हुआ है। तथापि इस तथ्य पर विचार करते हुए कि हॉग कॉग के पास अपने क्षेत्र में इन संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन की पर्याप्त सुविधा नहीं है परंतु इसने पाटित मूल्यों पर विगत में भारत में अत्यधिक मात्रा में निर्यात किया था। यह संभव है कि हॉग कॉग से विगत में निर्यात की गई वस्तुएं अन्य मूल की थीं जिनका पुनः निर्यात हॉग कॉग से किया जा रहा था क्योंकि पर्याप्त मात्रा में हॉग कॉग में निर्यात चीन और ताईवान से इस घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार आयात किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि हॉग कॉग से निर्यात पर शुल्क हटा दिया जाता है तब यह अत्यधिक संभव है कि चीन और चीनी ताईपेई मूल के वस्तु भारतीय बाजार में पाटित मूल्य पर हॉग कॉग के माध्यम से प्रवेश करना फिर शुरू हो जायेगा।

77. उपर्युक्त को देखते हुए तथा इन तर्कों के विरुद्ध अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किये जाने की स्थिति को देखते हुए प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि संबद्ध वस्तुओं का पाटन संभवतः शुल्क हटाये जाने की स्थिति में संबद्ध देशों से जारी रहेगा अथवा इसकी पुनरावृत्ति होगी।

## छ. हानि और कारणात्मक संबंध का निर्धारण; और घरेलू उद्योग को हानि जारी रहने अथवा उसके पुनरावृत्ति की संभावना

### छ. 1 कानूनी स्थिति

78. अंतिम समीक्षा जांच में पूर्व के खंडों में यथाउल्लिखित, हानि की जांच के संबंध में प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित की जांच करना अपेक्षित है :

- क्या घरेलू उद्योग को पाटित आयात के कारण हानि हो रही है और यदि हां तो क्या इन शुल्कों को हटाये जाने पर घरेलू उद्योग को हानि होने की संभावना है; अथवा

- उन मामलों में जहां घरेलू उद्योग को सतत् हानि नहीं हुई है, क्या पाटन रोधी शुल्क को हटाये जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को हानि होने की संभावना है।

79. अतः प्राधिकारी ने सर्वप्रथम इस बात की जांच की कि क्या घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण पर्याप्त हानि उठानी पड़ रही है। तत्पश्चात प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से शुल्कों के हटाये जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को हानि होने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की भी जांच की है। घरेलू उद्योग को ठोस हानि की जांच पाटनेरोधी करार की धारा 3 के अंतर्गत तथा पाटनरोधी नियमावली 1995 के अनुबंध।। में यथानिर्धारित तरीके से की गई है।

### छ. 2 घरेलू उद्योग को वर्तमान हानि की जांच तथा कारणात्मक संबंध

### छ. 2. 1 घरेलू उद्योग द्वारा किया गया अनुरोध

80. घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ–साथ हानि और कारणात्मक संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये हैं:

i. कि चीन जन. गण और चीनी ताईपेई से विचाराधीन उत्पाद का सतत् पाटन हुआ है यद्यपि पाटित आयात की मात्रा में वर्तमान पाटनरोधी शुल्कों के फलस्वरूप कमी आई है। यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क को समाप्त किया गया तो विचाराधीन उत्पाद का पाटन इन देशों और अधिक होने की संभावना है।

ii. यद्यपि हानि की जांच की अवधि के दौरान हॉग कॉग से संबद्ध वस्तुओं का कोई आयात नहीं हुआ है तथापि वर्तमान शुल्क के अप्रभावी होने की स्थिति में हॉग कॉग से पाटन की पुनरावृत्ति होने की संभावना है क्योंकि हॉग कॉग चीन और ताईवान से विचाराधीन उत्पाद की पर्याप्त मात्रा में आयात करता है जबकि उस देश में इन उत्पादों की उतनी खपत नहीं है।

iii. यद्यपि घरेलू उद्योग अपने उत्पादन और बिक्री मात्रा में कुछ हद तक सुधार करने की स्थिति में था। तथापि, यह वृद्धि भारत में मांग में हुई वृद्धि के अनुपात में नहीं थी। इसके अलावा घरेलू उद्योग पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद भी मौजूदा अवधि में लाभ कमाने में असमर्थ था जिससे यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग पाटन के पिछले कुप्रभावों से अभी तक उबरा नहीं है और पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने से भविष्य में घरेलू उद्योग को और अधिक क्षति होगी।

Iv. वर्तमान जांच अवधि में लाभ, निवेश पर आय, मालसूची आदि के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट आई है।

V. पाटनरांधी शुल्क लागू होने के बावजूद घरेलू उद्योग के लाभ में गिरावट आई है। यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क समाप्त कर दिया जाएगा तो घरेलू उद्योग आयात कीमतों से तुलनीय कीमत पर अपना उत्पाद बेचने के लिए बाध्य होगा। इसका तात्पर्य अत्यधिक वित्तीय घाटे, निवेश पर नकारात्मक आय और भारी नकद घाटे से होगा।

vi. घरेलू उद्योग को अपनी क्षमताओं का पूर्ण सीमा तक उपयोग करने से वंचित किया गया है।

vii. इस अवधि के दौरान उत्पादन लागत और बिक्री कीमत दोनों में गिरावट आई है। बिक्री कीमत में गिरावट उत्पादन लागत में आई गिरावट से अधिक है जिसके परिणामस्वरूप घाटा हुआ है।

viii. घरेलू उद्योग के उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग में खास सुधार प्रदर्शित नहीं हुआ है। तथापि, घरेलू उद्योग की लाभप्रदतता में गिरावट आई है।

ix. मांग में वृद्धि होने और पाटित आयातों के कारण कीमत में अत्यधिक कटौती होने की वजह से घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत इतनी कम कीमतों के बावजूद मालसूची में वृद्धि हुई है।

x. आयातों के कारण घरेलू कीमतों में कटौती हो रही है। इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को बाजार में कीमत ह्रास का सामना करना पड़ा है। इसकी परिणति पाटनरोधी शुलक समाप्त किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को भारी वित्तीय घाटे के रूप में होगी।

xi. पाटनरोधी उपाय के अभाव में पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**छ 2.2. उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध**

81. घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बारे में किसी भी उत्पादक/निर्यातक/आयातक/अन्य हितबद्ध पक्षकार ने कोई अनुरोध नहीं किया है।

**छ 2.2.3 प्राधिकारी द्वारा जांच**

82. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण हुई क्षति के संभावित पहलुओं की जांच करने से पूर्व घरेलू उद्योग को हुई किसी मौजूदा क्षति की जांच करने की कार्रवाई शुरू की है।

83. अनुबध–II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में उपबंध है कि "..... किसी क्षति की जांच में पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उसके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ....." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात की जांच करना आवश्यक समझा जाता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में अत्यधिक कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमत में होने वाली ऐसी वृद्धि में अन्यथा ह्रास हुआ है अथवा होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जिसमें अन्यथा काफी हद तक वृद्धि हो गई होती।

84. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली के अनुबध–II के अनुसार घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले उतपादन, क्षमता, उपयोाग, वित्तीय मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिकी प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि जैसे संकेतकों पर विचार किया है।

85. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर सम्बद्ध वस्तु के पाटित आयातों के मात्रात्मक तथा कीमत प्रभावों और घरेलू उद्योग की कीमतों तथा लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच की है ताकि क्षति एवं पाटन तथा क्षति, यदि कोई हो, के बीच कारणात्मक संबंध की मौजूदगी की जांच की जा सके।

86. प्राधिकारी नोट करते हैं कि सम्बद्ध वस्तु पर इस समय सम्बद्ध देशों के अलावा मलेशिया, थाइलैंड और वियतनाम से हुए आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लागू है। प्राधिकारी ने सम्बद्ध देशों के संबंध में पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में संभावना के परिदृश्य सहित क्षति एवं कारणात्मक संबंध के निर्धारण हेतु अन्य स्रोतों के साथ–साथ इन सभी देशों से आयातों की मात्रा और कीमत प्रभाव पर विचार किया है। इस समीक्षा के प्रयोजनार्थ सम्बद्ध देशों के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति का संचयी निर्धारण किया गया है।

87. तदनुसार, घरेलू उद्योग पर प्रभाव का निर्धारण करने के लिए पाटित आयातों के मात्रात्मक और कीमत प्रभाव की जांच निम्नानुसार की गई है:

**छ. 4 मात्रात्मक प्रभाव**

**i. आयात की मात्रा और संबद्ध देशों का हिस्सा**

88. विभिन्न स्रोतों से आयातों की मात्रा और कीमत की जांच करने के लिए प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस के सौदेवार आंकड़ों पर भरोसा किया है। क्षति अवधि के दौरान डीवीडी–आर और डीवीडी–आरडब्ल्यू के आयात के सारांशीकृत आंकड़े निम्नानुसार हैं:

| विवरण | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) | 2013–14 (जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **डीवीडी–आर** | | | | | | |
| **संबद्ध देश** (पाटित आयात) | लाख नग | 7.20 | 24.16 | 2.04 | 1.66 | 0.75 |
| चीन जन.ग. | लाख नग | 6.60 | 20.27 | 2.04 | 1.56 | 0.75 |
| हांग कांग | लाख नग | - | 2.40 | - | - | - |
| ताइवान | लाख नग | 0.60 | 1.49 | - | 0.10 | - |
| **ऐसे देश जिन पर शुल्क पहले से लागू है** | लाख नग | 729.66 | 336.11 | 271.99 | 121.50 | 43.01 |
| **अन्य देश** | लाख नग | 96.35 | 282.89 | 295.85 | 174.08 | 189.43 |
| यू ए ई | लाख नग | 91.10 | 225.94 | 249.81 | 160.92 | 189.40 |
| यू ए ई से इतर | लाख नग | 5.25 | 56.95 | 46.04 | 13.16 | 0.03 |
| **कुल आयात** | लाख नग | 833.22 | 643.16 | 569.88 | 297.24 | 233.18 |
| **डीवीडी – आर डब्ल्यू** | | | | | | |
| **संबद्ध देश** | लाख नग | 2.48 | 6.66 | 2.47 | 3.63 | 1.67 |
| चीन जन.गण. | लाख नग | 1.55 | 5.67 | 0.48 | 2.71 | 0.29 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हांग कांग | लाख नग | - | - | - | - | - |
| ताइवान | लाख नग | 0.93 | 0.99 | 1.99 | 0.92 | 1.38 |
| **ऐसे देश जिन पर शुल्क पहले से लागू है** | लाख नग | 0.20 | 0.75 | 0.37 | 0.36 | 2.05 |
| अन्य देश | लाख नग | 8.86 | 4.56 | 1.95 | 1.68 | 0.37 |
| यू ए ई | लाख नग | 0.08 | - | - | - | - |
| यू ए ई से इतर | लाख नग | 8.79 | 4.56 | 1.95 | 1.68 | 0.37 |
| **कुल आयात** | लाख नग | 11.54 | 11.97 | 4.80 | 5.67 | 4.09 |
| | | | | | | |
| **डीवीडी – आर +डीवीडी आर डब्ल्यू** | | | | | | |
| **संबद्ध देश** | लाख नग | 9.68 | 30.83 | 4.51 | 5.30 | 2.42 |
| चीन जन.गण. | लाख नग | 8.15 | 25.94 | 2.52 | 4.27 | 1.04 |
| हांग कांग | लाख नग | - | 2.40 | - | - | - |
| ताइवान | लाख नग | 1.53 | 2.49 | 1.99 | 1.03 | 1.38 |
| **ऐसे देश जिन पर शुल्क पहले से लागू है** | लाख नग | 729.86 | 336.86 | 272.36 | 121.86 | 45.06 |
| **अन्य देश** | लाख नग | 105.22 | 287.45 | 297.80 | 175.76 | 189.80 |
| यू ए ई | लाख नग | 91.18 | 225.94 | 249.81 | 160.92 | 189.40 |
| यू ए ई से इतर | लाख नग | 14.04 | 61.51 | 47.99 | 14.84 | 0.40 |
| **कुल आयात** | लाख नग | 844.76 | 655.13 | 574.68 | 302.92 | 237.27 |

89. उपर्युक्त आंकड़ों से यह पता चलता है कि डीवीडी–आर का आयात चीन जन.गण. और चीनी ताइपेई से हुआ है जबकि क्षति जांच अवधि के दौरान हांग कांग से कोई आयात नहीं हुआ है। जहां तक डीवीडी–आर डब्ल्यू का संबंध है, क्षति अवधि और जांच अवधि के दौरान चीन जन. गण. और चीनी ताइपेई से कुछ आयात हुआ है परंतु हांग कांग से कोई आयात नहीं हुआ है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस जांच में विचारित उत्पाद के दो प्रकारों में से डीवीडी –आर के संबंध में वर्तमान पाटन मार्जिन सकारात्मक हैं जबकि डीवीडी–आर डब्ल्यू के लिए नकारात्मक है। अतः वर्तमान क्षति के निर्धारण के प्रयोजनार्थ केवल डीवीडी– आर की आयात मात्रा को पाटित आयात माना जा रहा है।

90. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कई अन्य देशों से संबद्ध वस्तु के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लागू है और उपर्युक्त आयात के आंकड़ों से यह पता चलता है कि इन देशों से हुए आयातों में भी सतत गिरावट प्रदर्शित होती है। तथापि क्षति अवधि और जांच अवधि के दौरान यूएई से अत्यधिक कम कीमत पर पर्याप्त मात्रा में आयात हुए हैं। याचिकाकर्ता ने यह अनुरोध किया है कि यूएई के पास संबद्ध वस्तु की पर्याप्त उत्पादन क्षमता नहीं है और इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि अन्य देशों के मूल की वस्तु का यानांतरण यूएई के जरिए किया जा रहा हो। यह भी अनुरोध किया गया है कि यूएई से हुए आयात पाटित कीमत पर है और उक्त देश से आरोपित पाटन हेतु घरेलू उद्योग ने यूएई के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए एक याचिका पहले ही दायर कर रखी है।

### ii मांग और बाजार हिस्सा

91. घरेलू उद्योग और भारत में संबद्ध देशों की संबद्ध वस्तु की मांग और बाजार हिस्से का निर्धारण घरेलू उद्योग का उत्पादन तथा बिक्री एवं आयातों को ध्यान में रखकर किया गया है।

| मांग डीवीडी–आर | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) | 2013–14 (जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग की बिक्री | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 95 | 94 | 77 | 71 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | लाख नग | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 198 | 163 | 149 |
| संबद्ध देश | लाख नग | 7.20 | 24.16 | 2.04 | 1.66 | 0.75 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | लाख नग | 730 | 336 | 272 | 122 | 43 |
| अन्य देश | लाख नग | 96 | 283 | 296 | 174 | 189 |
| कुल मांग/खपत | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 99 | 103 | 82 | 75 |
| मांग डीवीडी–आर डब्ल्यू | | | | | | |
| घरेलू उद्योग की बिक्री | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 61 | 178 | 50 | 45 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | लाख नग | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 587 | 166 | 147 |
| सम्बद्ध देश | लाख नग | 2.48 | 6.66 | 2.47 | 3.63 | 1.67 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | लाख नग | 0.20 | 0.75 | 0.37 | 0.36 | 2.05 |
| अन्य देश | लाख नग | 8.86 | 4.56 | 1.95 | 1.68 | 0.37 |
| कुल मांग/खपत | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 88 | 110 | 53 | 42 |
| **मांग डीवीडी – आर +डीवीडी आर डब्ल्यू** | | | | | | |
| घरेलू उद्योग की बिक्री | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 95 | 94 | 77 | 71 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | लाख नग | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 198 | 163 | 149 |
| संबद्ध देश | लाख नग | 10 | 31 | 5 | 5 | 2 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | लाख नग | 730 | 337 | 272 | 122 | 45 |
| अन्य देश | लाख नग | 105 | 287 | 298 | 176 | 190 |
| कुल मांग/खपत | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 99 | 103 | 82 | 75 |

92. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान डीवीडी – आर की घरेलू उद्योग की मांग और बिक्री जांच अवधि को छोड़कर कमोवेश समान स्तर पर रही है। तथापि, पूर्ववर्ती वर्ष में मांग और बिक्री में वृद्धि होने के बाद जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मांग तथा बिक्री में अत्यधिक गिरावट आई है। इन वर्षों के दौरान संबद्ध देशों से डीवीडी–आर के आयात की मात्रा में गिरावट आई है जो लागू पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के कारण हो सकता है। मांग में सामान्य प्रवृत्ति की जांच करने के बाद प्राधिकारी ने घरेलू बाजार में विभिन्न प्रतिस्पर्धियों के बाजार हिस्से में प्रवृत्ति की जांच की है।

| मांग में बाजार हिस्सा डीवीडी– आर | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) | 2013–14 (जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू उद्योग की बिक्री | % | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 91 | 94 | 95 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | % | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 190 | 196 | 197 |
| संबद्ध देश | % | 0.11 | 0.36 | 0.03 | 0.03 | 0.01 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | % | 10.81 | 5.03 | 3.91 | 2.18 | 0.85 |
| अन्य देश | % | 1.43 | 4.23 | 4.25 | 3.13 | 3.76 |
| मांग में बाजार हिस्सा डीवीडी–आर डब्ल्यू | | | | | | |
| घरेलू उद्योग की बिक्री | % | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 70 | 162 | 95 | 106 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | % | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 463 | 272 | 304 |
| संबद्ध देश | % | 12.47 | 38.13 | 11.32 | 34.65 | 19.83 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | % | 0.99 | 4.28 | 1.70 | 3.43 | 24.40 |
| अन्य देश | % | 44.57 | 26.09 | 8.92 | 16.02 | 4.45 |
| मांग में बाजार हिस्सा डीवीडी – आर +डीवीडी आर डब्ल्य | | | | | | |
| घरेलू उद्योग की बिक्री | % | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 91 | 94 | 95 |
| अन्य भारतीय उत्पादों की बिक्री | % | - | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | | 100 | 190 | 196 | 198 |
| संबद्ध देश | % | 0.14 | 0.46 | 0.06 | 0.10 | 0.05 |
| ऐसे देश जिन पर पहले से शुल्क लागू है | % | 10.78 | 5.03 | 3.90 | 2.19 | 0.89 |
| अन्य देश | % | 1.55 | 4.29 | 4.26 | 3.15 | 3.76 |

93. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के डीवीडी–आर तथा डीवीडी–आर डब्ल्यू के बाजार हिस्से में भारी गिरावट आई है। याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग गंवाया गया बाजार हिस्सा अन्य भारतीय उत्पादकों तथा अन्य देशों से हुए ऐसी आयातों ने हड़प लिया है जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं है। क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से डीवीडी–आर के आयात की मात्रा और उसका बाजार हिस्सा नगण्य है परंतु क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से डीवीडी–आर डब्ल्यू के आयात का मांग में बाजार हिस्सा काफी अधिक है यद्यपि डीवीडी–आर डब्ल्यू की कुल मांग भारत में डीवीडी–आर की कुल मांग का एक मामूली हिस्सा है।

94. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूंकि संबंद्ध देशों से संचयी आयातों की मात्रा काफी अधिक है, इसलिए घरेलू उद्योग को हुई वर्तमान क्षति के निर्धारण हेतु मात्रात्मक मापदंडों के अनुसार क्षति जांच भ्रामक और अनुचित होगी। चूंकि यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए क्षति जांच अवधि के दौरान आयात की मात्रा से आयातों की संभावित स्थिति की सही तस्वीर और शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग की हालत का पता नहीं चलता है।

### I छ. 5 कीमत प्रभाव

**पाटित आयातों का कीमत प्रभाव और घरेलू उद्योग पर प्रभाव**

95. संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग पर कीमतों के प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण के संबंध में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के पहुंच मूल्य के साथ की गई है।

96. घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति का निर्धारण करने में घरेलू उद्योग द्वारा व्यय किए गए कर, दी गई रिवेट, छूट और कमीशन को समायोजित किया गया है। चूंकि कम कीमत पर बिक्री क्षति के निर्धारण का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, इसलिए प्राधिकारी ने क्षतिरहित कीमत की गणना की है और कम कीमत पर बिक्री की मात्रा का आकलन करने के लिए उसकी तुलना पहुंच मूल्य के साथ की है। प्राधिकारी की संगत परम्परा के अनुसार क्षतिरहित कीमत की गणना नियमावली के अनुबंध–III के अनुसार जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत पर समुचित विचार करने के बाद की गई है।

**II कीमत कटौती**

97. प्राधिकारी ने पाटित आयातों के कीमत प्रवाह का विश्लेषण किया है और पाटनरोधी शुल्क सहित और रहित कीमत कटौती की गणना की है।

| डीवीडी–आर | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) | 2013–14 (जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | 5.01 | 5.21 | 3.42 | 5.69 | 1.53 |
| | सूचीबद्ध | 100 | 104 | 68 | 114 | 31 |
| निवल बिक्री कीमत | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 106 | 119 | 122 | 118 |
| कीमत कटौती | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 131 | 822 | 250 | 1,339 |
| कीमत कटौती (%) | % | **** | **** | **** | **** | **** |
| कटौती रेंज | % | 0-10% | 5-15% | 40-50% | 10-20% | 70-80% |
| **एडीडी के साथ कीमत कटौती** | | | | | | |
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 101 | 81 | 113 | 68 |
| निवल बिक्री कीमत | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 106 | 119 | 122 | 118 |
| कीमत कटौती | रू./नग | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| | सूचीबद्ध | (100) | (91) | (11) | (97) | 23 |
| कीमत कटौती (%) | % | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| कटौती रेंज | % | (50-60%) | (40-50% | (0-10%) | (40-50%) | 5-10% |
| **डीवीडी–आर डब्ल्यू** | | | | | | |
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | 34.97 | 33.68 | 32.90 | 43.79 | 25.72 |
| | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 94 | 125 | 74 |
| निवल बिक्री कीमत | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 156 | 104 | 146 | 157 |
| कीमत कटौती | रू./नग | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| | सूचीबद्ध | (100) | (42) | (85) | (106) | 1 |
| कीमत कटौती (%) | % | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| कटौती रेंज | % | (105-115) | (25-35) | (85-95) | (75-85) | 0-5 |
| **एडीडी के साथ कीमत कटौती** | | | | | | |
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | 38.11 | 36.77 | 35.84 | 47.39 | 29.74 |
| | सूचीबद्ध | 100 | 96 | 94 | 124 | 78 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निवल बिकी कीमत | रू./नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 156 | 104 | 146 | 157 |
| कीमत कटौती | रू./नग | (****) | (****) | (****) | (****) | (****) |
| | सूचीबद्ध | 100 | 51 | 87 | 107 | 18 |
| कीमत कटौती (%) | % | (****) | (****) | (****) | (****) | (****) |
| कटौती रेंज | % | (125-135) | (35-45) | (100-110) | (90-100) | (10-20) |
| **डीवीडी – आर +डीवीडी आर डब्ल्य** | | | | | | |
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | 12.69 | 11.88 | 19.58 | 31.84 | 18.21 |
| | सूचीबद्ध | 100 | 94 | 154 | 251 | 143 |
| निवल बिकी कीमत | रू./नग | - | - | - | - | - |
| कीमत कटौती | रू./नग | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| | सूचीबद्ध | (100) | (33) | (164) | (296) | 37 |
| कीमत कटौती (%) | % | (****) | (****) | (****) | (****) | **** |
| कटौती रेंज | % | (20-30) | (0-10) | (25-35) | (45-55) | 20-30 |
| **एडीडी के साथ कीमत कटौती** | | | | | | |
| आयातों की पहुंच कीमत | रू./नग | 15.96 | 15.02 | 22.81 | 35.53 | 22.27 |
| | सूचीबद्ध | 100 | 94 | 143 | 223 | 140 |
| निवल बिकी कीमत | रू./नग | - | - | - | - | - |
| कीमत कटौती | रू./नग | (****) | (****) | (****) | (****) | (****) |
| | सूचीबद्ध | (100) | (60) | (135) | (218) | (31) |
| कीमत कटौती (%) | % | (****) | (****) | (****) | (****) | (****) |
| | % | (70-80) | (40-50) | (55-65) | (75-85) | (0-10) |

98. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क रहित सम्बद्ध देशों से डीवीडी–आर के पाटित आयातों के पहुंच मूल्य के कारण समूची क्षति अवधि और जांचोत्तर अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिकी कीमतों की कटौती हो रही है। तथापि, पाटनरोधी शुल्क सहित डीवीडी–आर की कीमत कटौती क्षति अवधि के दौरान नकारात्मक रही है। परंतु जांचोत्तर अवधि में कीमत कटौती सकारात्मक है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि डीवीडी–आर डब्ल्यू के मामले में कीमत कटौती पाटनरोधी शुल्क के बिना भी नकारात्मक रही है। तथापि, जांचोत्तर अवधि के आंकड़ों से पाटनरोधी शुल्क के बिना डीवीडी–आर और डीवीडी–आर डब्ल्यू दोनों की सकारात्मक कीमत कटौती का पता चलता है जिससे यह संकेत मिलता है कि शुल्क सुरक्षा हटाने से कीमत में भारी कटौती हो सकती है।

## III कीमत ह्रास, न्यूनीकरण

99. घरेलू कीमतों पर सम्बद्ध देशों से पाटित आयातों के कीमत ह्रास और न्यूनीकरण प्रभावों की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिकी प्राप्ति की प्रवृत्ति की तुलना बिकी लागत के साथ की गई है।

| डीवीडी–आर | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|
| बिकी लागत | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 110 | 120 | 149 |
| निवल बिकी प्राप्ति | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 106 | 119 | 122 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डीवीडी–आर डब्ल्यू | | | | | |
| बिक्री लागत | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 189 | 222 | 454 |
| निवल बिक्री प्राप्ति | रु./नग | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 156 | 104 | 146 |

100. उपर्युक्त आंकड़ों से कार्यकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग क्षति अवधि के दौरान बिक्री लागत में हुई वृद्धि के अनुपात में डीवीडी–आर की बिक्री कीमत को बढ़ाने की स्थिति में नहीं था जिससे कीमत ह्रास का पता चलता है। तथापि, डीवीडी–आर डब्ल्यू की बिक्री उनकी बिक्री लागत से अधिक पर की जा रही है । यद्यपि, कीमत में हुई वृद्धि बिक्री लागत में हुई वृद्धि के अनुरूप नहीं है ।

## IV. कम कीमत पर बिक्री

| विवरण | इकाई | डीवीडी–आर | डीवीडी–आर डब्ल्यू |
|---|---|---|---|
| | | 2012–13 | 2012–13 |
| क्षति कीमत (एनआईपी) | (रु./नग) | **** | **** |
| एडीडी के बिना पहुंच मूल्य | (रु./नग) | 5.69 | 43.79 |
| कम कीमत | (रु./नग) | **** | (****) |
| कम कीमत (%) | % | ****% | (****)% |
| कम कीमत रेंज | % | 20-30% | (60-70%) |
| एडीडी सहित पहुंच मूल्य | रु./नग | 9.40 | 47.39 |
| एडीडी सहित कम कीमत पर बिक्री | रु./नग | (****) | (****) |

101. उपर्युक्त आंकड़ों से यह पता चलता है कि जांच अवधि के दौरान सम्बद्ध देशों से डीवीडी–आर के आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग के डीवीडी–आर डब्ल्यू की क्षति रहित कीमत से कम रहा है। तथापि, जांच अवधि के दौरान लागू पाटनरोधी शुल्क को शामिल करने के बाद डीवीडी–आर का पहुंच मूल्य क्षति रहित कीमत से अधिक था। जहां तक सम्बद्ध देशों से डीवीडी–आर डब्ल्यू के आयातों का संबंध है, कम कीमत पर बिक्री को नकारात्मक पाया गया है।

### छ. 6 घरेलू उद्योग के अन्य आर्थिक मापदंडों की जांच

102. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध–**II** में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी। नियमों में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक तथा संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारकों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव का तथ्यपरक और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा।

103. घरेलू उद्योग से संबंधित उपर्युक्त विभिन्न क्षति मापदंडों की जांच निम्नानुसार की गई है:–

### क. क्षमता, उत्पादन क्षमता उपयोग और बिक्री पर वास्तविक तथा संभावित प्रभाव

104. निम्नलिखित तालिका से क्षति जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री का पता चलता है।

| विवरण<br>डीवीडी–आर+ डीवीडी–आर डब्ल्यू | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13<br>(जांच अवधि) | 2013–14<br>(जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षमता | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 99 | 98 | 97 | 90 |
| उत्पादन | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 100 | 92 | 72 | 63 |
| क्षमता उपयोग | % | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 100 | 94 | 75 | 69 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री मात्रा | | | | | | |
| घरेलू | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 95 | 94 | 77 | 71 |
| निर्यात | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 116 | 120 | 74 | 72 |
| कुल बिक्री | लाख नग | **** | **** | **** | **** | **** |
| | सूचीबद्ध | 100 | 107 | 109 | 75 | 72 |

105. उपर्युक्त आंकड़ों से यह पता चलता है कि यद्यपि घरेलू उद्योग की क्षमता में क्षति जांच अवधि के दौरान मामूली गिरावट प्रदर्शित होती है, तथापि जांच अवधि के दौरान उत्पादन और बिक्री (घरेलू और निर्यात दोनों) में भारी गिरावट आई है जिससे क्षमता उपयोग प्रभावित हुआ है जो पूर्ववर्ती वर्षों में 75% से अधिक के स्तर से घटकर 60% से कम पर आ गया है।

**ख. लाभ/हानि, नकद प्रवाह, लगाई गई पूंजी पर आय, मालसूची, उत्पादकता पर वास्तविक और संभावित प्रभाव**

106. विचाराधीन उत्पाद के बारे में घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच उपर्युक्त मापदंडों के संबंध में निम्नानुसार की गई है :–

| लाभ/हानि, नकद प्रवाह, आर ओ सी ई माल सूची एवं उत्पादकता | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **विवरण** | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | जांच अवधि | जांचोत्तर अवधि |
| निवल लाभ/ (हानि) (करोड रु.) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) |
| सूचीबद्ध | (100) | (100) | (85) | (208) | (233) |
| निवल लाभ/ (हानि) (करोड रु.) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) |
| | (100) | (100) | (85) | (255) | (314) |
| नकद लाभ (करोड रु.) | ***** | ***** | ***** | (*****) | (*****) |
| | 100 | 100 | 142 | (52) | (252) |
| आर ओ सी ई | | | | | |
| लगाई गई पूंजी पर आय (करोड रु.) | ***** | ***** | ***** | ***** | ***** |
| | 100 | 100 | 80 | 78 | 78 |
| लगाई गई पूंजी पर आय (%) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) | (*****) |
| | (100) | (100) | (84) | (362) | (390) |
| माल सूची (मिलि. नग) | ***** | ***** | ***** | ***** | ***** |
| | 100 | 100 | 58 | 70 | 56 |
| बिक्री दिवसों की सं. में मालसूची | 78.47 | 86.29 | 67.41 | 79.98 | 82.05 |
| | 100 | 100 | 78 | 93 | 95 |
| कर्मचारियों की संख्या लगाई गई पूंजी (सं.) | 1703 | 1788 | 2067 | 1998 | 1998 |
| | 100 | 100 | 116 | 112 | 112 |
| प्रति कर्मचारी उत्पादकता लगाई गई पूंजी (मिलि. नग प्रति कर्मचारी.) | 8.98 | 8.51 | 6.79 | 5.55 | 4.81 |
| | 100 | 100 | 80 | 65 | 57 |
| प्रदत्त कुल मजदूरी लगाई गई पूंजी (करोड रु..) | ***** | ***** | ***** | ***** | ***** |
| | 100 | 100 | 119 | 117 | 89 |

107. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कीमत, बिक्री मात्रा अथवा लागत में परिवर्तन से लाभ/हानि में परिवर्तनों का पता चल सकता है। पाटित आयातों के प्रवाह को इनमें से किसी या सभी परिवर्तनों में प्रदर्शित किया जा सकता है। उपर्युक्त आंकड़ों से यह पता चलता है कि क्षति जांच अवधि के दौरान कंपनी के निवल लाभ में लगातार गिरावट आई है और यह इसी अवधि के दौरान सम्बद्ध वस्तु के प्रति नग लाभ में भी प्रदर्शित हुआ है। इस अवधि के दौरान लगाई गई पूंजी पर आय नकारात्मक रही है जिसमें जांच अवधि के दौरान आगे और गिरावट आई है। समूची जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद से नकद लाभ सकारात्मक रहा था, परन्तु वह जांच अवधि में नकारात्मक हो गया जो वास्तविक क्षति का संकेत है।

108. उपर्युक्तानुसार घरेलू उद्योग के अन्य भौतिक मापदंडों से यह पता चलता है कि जांच अवधि को छोड़कर वित्त वर्षों की समाप्ति तक तैयार मालसूची में कमी की प्रवृत्ति रही है जिससे प्रतिकूल मालसूची निर्माण का पता चलता है। तथापि जब समूची क्षति अवधि और जांच अवधि पर विचार किया जाए तब इन आंकड़ों पर अतिरिक्त मालसूची के निर्माण के जरिए प्रतिकूल प्रभाव प्रदर्शित करने की दृष्टि से विचार नहीं किया जा सकता है। "बिक्री दिवसों की संख्या" के रूप में प्रस्तुत संकेतक से भी ऐसी ही प्रवृत्ति का पता चलता है।

109. उत्पादकता वस्तु के उत्पादन और उसका उत्पादन करने के लिए प्रयुक्त संसाधनों की निविष्टियों के बीच संबंध होती है। अतः निविष्टि स्तरों में परिवर्तनों के कारण उत्पादकता प्रभावित होती है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि उत्पादन स्तर और क्षमता उपयोग के स्तर में गिरावट आई थी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि 2009–13 के दौरान प्रति कर्मचारी उत्पादकता में लगातार गिरावट आई है और यह गिरावट जांचोत्तर अवधि (2013–14) के दौरान जारी रही। आधार अवधि की तुलना में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त मजदूरी में गिरावट आई है।

110. सामान्य तौर पर वृद्धि पर नकरात्मक प्रभावों के संकेतकों में विनिर्माण क्षमता के विस्तार अथवा नई क्षमताओं के विकास हेतु योजनाओं का निरसन अथवा उनमें विलंब शामिल होता है। वृद्धि पर नकारात्मक प्रभावों के बारे में याचिकाकर्ता के दावे का समर्थन किसी सुविधा विशेष के निष्पादन हेतु प्रलेखित योजनाओं जैसे साक्ष्य द्वारा नहीं किया गया है जिसमें पाटित आयातों के प्रभाव के कारण बाधा उत्पन्न हुई हो। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का निष्कर्ष निकालने के लिए ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। तथापि, घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में समग्र गिरावट आई थी जिससे इस क्षेत्र की नकारात्मक वृद्धि का पता चलता है।

**ज. कारणात्मक संबंध**

111. नियमों में प्राधिकारी को पाटित आयातों और पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध की जांच करने का अधिदेश दिया गया है। किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई तर्क न दिए जाने की स्थिति में प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या अन्य ज्ञात कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है। प्राधिकारी की जानकारी में निम्नलिखित मुद्दे लाए गए हैं और कारणेत्तर विश्लेषण हेतु उनकी जांच उपलब्ध सूचना के अनुसार की गई है:–

i **तीसरे देशों से आयातः** प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि क्षति जांच अवधि के दौरान सम्बद्ध देशों और पाटनरोधी शुल्क के अधीन अन्य देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयात में भारी गिरावट आई है तथापि, इस अवधि के दौरान यूएई से डीवीडी–आर के आयातों में वृद्धि हुई है जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है। यूएई से डीवीडी–आर डब्ल्यू का कोई आयात नहीं हुआ है। यूएई से जिस कीमत पर डीवीडी–आर का आयात किया जा रहा है वह घरेलू उद्योग की कीमतों में वृद्धि के कारणों में से एक कारण हो सकती है। तथापि, जैसा कि उपर्युक्त पैरा 71 में नोट किया गया है, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि यूएई से आयात मूलभूत रूप से चीन और ताइवान के मूल की वस्तु का पुनः निर्यात है क्योंकि यूएई के पास इतनी बड़ी मात्रा में उत्पादन तथा निर्यात करने की क्षमता नहीं है।

| **डीवीडी–आर यूएई से आयात** | इकाई | 2009–10 | 2010–11 | 2011–12 | 2012–13 (जांच अवधि) | 2013–14 (जांचोत्तर अवधि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आयात मात्रा | लाख नग | 91.10 | 225.94 | 249.81 | 160.92 | 189.40 |
| कीमत | रू./नग | 4.66 | 4.80 | 4.99 | 6.59 | 6.75 |

ii **मांग में कमी :–** प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष से लेकर घरेलू बाजार में उत्पादों की मांग में मामूली गिरावट आई थी और यह गिरावट जांच अवधि के दौरान काफी अधिक प्रतीत होती है। प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या मांग में कमी के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि याचिकाकर्ता के उत्पादन और बिक्री में गिरावट मुख्यतः निर्यात बिक्री में गिरावट के कारण आई है और घरेलू बिक्रियां अभी भी अत्यंत स्थिर हैं। यह तर्क दिया गया है कि विश्व बाजार में भी विचाराधीन उत्पाद की मांग में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि देश में उत्पाद की मांग अत्यधिक बनी हुई है और भविष्य में भी इसकी मांग काफी अधिक बनी रहेगी। यद्यपि इस बात की आमतौर पर आशंका रहती है कि यूएसबी/पैनड्राइव और ब्ल्यू रेज एवं मनोरंजन से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए इंटरनेट के अन्य मंचों जैसे डाटा स्टोरेज के अन्य उपायों के बढ़ते हुए उपयोग के कारण डीवीडी की मांग में गिरावट आ रही है। स्टोरेज मीडिया के उपाय के रूप में

डीवीडी कई वर्षों तक उपयोग में लाई जा सकती है और इसकी अवधि निश्चित रूप से एक दशक से अधिक की होती है। याचिकाकर्ता ने भारत के मूल की कुछेक ग्रेफाइट इलैक्ट्रोड प्रणालियों के मामलों में यूरोपीय आयोग के निर्णय का भी हवाला दिया है जिनमें मांग में गिरावट के मुद्दे पर चर्चा की गई थी। उस मामले में यह निष्कर्ष निकाला गया था कि घरेलू उद्योग को खासकर तब सुरक्षा प्रदान करने की जरूरत होती है जब मांग में गिरावट आती है।

इस मुद्दे की जांच कारणेत्तर विश्लेषण के संदर्भ में की गई है ताकि यह देखा जा सके कि क्या देश में मांग में गिरावट अन्य प्रौद्योगिकियों के आने के कारण आई है और इसलिए क्या यह घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण हो सकता है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त सूचना की जांच से यह पता चलता है कि यद्यपि अन्य डाटा स्टोरेज और पुनः प्रयोग के साधन और मंच अब उपलब्ध हैं और उनसे डीवीडी की मांग पर प्रभाव पड़ सकता है तथापि, विभिन्न कारणों की वजह से इस उत्पाद खंड को निम्नानुसार कोई आसन्नवर्ती खतरा नहीं है।

- यूएसबी/पैन ड्राइव का प्रयोग केवल उन अनुप्रयोगों में किया जाता है जहां किसी उपभोक्ता को विषय–वस्तु को कई बार लिखना होता है । डीवीडी–आर के बजाए उन अनुप्रयोगों में जहां उपभोक्ताओं को केवल एक बार लिखना होता है, यूएसबी/पैन ड्राइव के उपयोग से किसी पैन ड्राइव का अति अल्प उपयोग होता है । डीवीडी–आर की कीमत एक पैन ड्राइव, जिसकी कीमत आश्चर्यजनक ढंग से 300 रुपए से अधिक होती है, की तुलना में काफी कम केवल 15 रुपए (अंतिम उपभोक्ता के लिए) होती है । यह अनुरोध किया गया है कि पैन ड्राइव की अनिवार्य जरूरत डाटा/विषय–वस्तु को बार–बार/कई बार स्टोर किए जाने के लिए पड़ती है । अतः एक स्टोरेज माध्यम के रूप में यूएसबी/पैन ड्राइव का प्रयोग डीवीडी–आर बाजार को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता ।
- डीवीडी–आर साफ्टवेयर, मनोरंजन सामग्री आदि के पुरातात्विक प्रयोजन हेतु एक बहुत अच्छे डाटा स्टोरेज प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है जिनके लिए बार–बार लिखने की जरूरत नहीं होती है । उपयोग के इन खंडों में डीवीडी–आर की मांग में तेजी से गिरावट आने की वजह कंप्यूटर और इंटरनेट का आना महत्वपूर्ण नहीं है । चिकित्सीय निदान, फोटो स्टोरेज आदि जैसे नए और उभरते हुए क्षेत्रों के कारण डीवीडी की नई मांगें सृजित होंगी ।
- डाटा स्टोरेज और पारेषण के बाजार में वृद्धि होगी और घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई एनिथिंग रिसर्च (www.anythingresearch.com) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आगामी वर्षों में सीडी, डीवीडी, ब्लू–रे एवं मैग्नेटिक तथा आप्टीकल रिकॉर्डिंग मीडिया की मांग काफी अधिक रहेगी । प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि यह रिपोर्ट अमरीकी गणना और सरकार के बाजार आंकड़ों पर आधारित है ।
- जिस प्रमुख क्षेत्र में डीवीडी–आर की मांग काफी अधिक है वह मनोरंजन क्षेत्र है जिसमें किराए पर चलचित्र, खेल आदि शामिल हैं जिन्होंने ब्लूरे और पैन ड्राइवों की उच्च क्षमता के बावजूद अभी तक अपनी पैठ नहीं बनाई है ।
- विकसित देशों में डीवीडी की मांग अभी भी काफी अधिक है । जहां इंटरनेट की पहुंच अत्यंत व्यापक है । अतः यह अनुरोध किया गया था कि आगामी वर्षों में भारत में डीवीडी की मांग काफी अधिक रहेगी ।
- इसके अलावा, चीन द्वारा आप्टीकल मीडिया स्टोरेज के उपायों में अधिकांश उत्पाद के रूप में डीवीडी को उपयुक्त मानता रहा है । ऐसा इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि चीन ने इंटरनेट के 42 प्रतिशत प्रयोगिता स्तर रहने के बावजूद तथा यूएसबी/पैन ड्राइव के उत्पादन का एक केन्द्र होने के बावजूद डीवीडी का भारी मात्रा में उत्पादन और उसका निर्यात किया है ।
- डीवीडी जैसी भौतिक मीडिया स्ट्रीमिंग सेवाओं की तुलना में और अधिक मूवी राजस्व का सृजन करता है । उपहारों और खेलों के लिए कलेक्टरों की पुरानी जरूरतों जैसे कारणों की वजह से भौतिक मीडिया की मांग काफी अधिक रहेगी ।
- भारत में केवल 9.5% आबादी के पास एक कंप्यूटर या एक लैपटॉप है और केवल 3.31 प्रतिशत भारतीय आबादी के पास इंटरनेटयुक्त कंप्यूटर/लैपटॉप है । अतः घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावे के अनुसार पैन ड्राइव अथवा हार्ड डिस्क अथवा इंटरनेट डाउनलोडिंग का उपयोग केवल इन संख्याओं तक ही सीमित है ।
- डीवीडी उन क्षेत्रों में भी अधिक प्रचलित है जहां कम लागत पर अधिक संख्या में लोगों को बड़े आंकड़े वितरित करने की जरूरत होती है क्योंकि 15–20 रूपए की लागत वाली डीवीडी की उपलब्धता लगभग 200 रुपए या उससे अधिक की लागत के पैन ड्राइव की तुलना में लागत मितव्ययी है ।

उपर्युक्त से यह पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में डीवीडी की मांग में मामूली गिरावट आई है जो वैश्विक प्रवृत्तियों के अनुरूप है, डीवीडी आने वाले कुछ समय तक डाटा स्टोरेज और पारेषण का एक तरजीही माध्यम बना रहेगा और इसलिए इसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बड़े कारण के रूप में नहीं माना जा सकता ।

**iii.** **खपत की पद्धति** :–जैसा कि पूर्ववर्ती खंड में विचार–विमर्श किया गया है, अन्य प्रतिस्पर्धी उत्पादों की तुलना में डीवीडी की खपत की पद्धति से यह संकेत मिलता है कि संबद्ध वस्तु की खपत की पद्धति में ऐसा कोई खास परिवर्तन नहीं आया है जिससे घरेलू उद्योग की स्थितियां प्रभावित हुई हों ।

**iv.** **प्रतिस्पर्धा की स्थितियां** :–प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच से यह पता नहीं चला है कि प्रतिस्पर्धा की स्थितियां अथवा व्यापार प्रतिबंधात्मक व्यवहार घरेलू उद्योग को दावा की गई क्षति के लिए जिम्मेवार है ।

**v.** **प्रौद्योगिकी विकास** :– प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच से यह पता नहीं चला है कि उपर्युक्त पैरा (ii) में की गई चर्चानुसार पैन ड्राइव, ब्लू–रे और इंटरनेट आधारित पारेषण जैसी नई प्रौद्योगिकियों के आगमन को छोड़कर उत्पाद की विनिर्माण प्रकिया अथवा प्रयोग में प्रौद्योगिकी में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति पहुंच सकती हो ।

**vi.** **घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादनः–** वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप क्षति जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की निर्यात मात्रा में अत्यधिक गिरावट आई है और इसकी वजह से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है । तथापि, पूर्ववर्ती खंड में क्षति विश्लेषण घरेलू उद्योग के घरेलू निष्पादन पर आधारित है । घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी द्वारा घरेलू तथा निर्यात बाजारों में कीमतों एवं लाभप्रदता को पृथक रखा गया है ।

**झ. क्षति एवं कारणात्मक संबंध के बारे में निष्कर्ष :**

112. उपर्युक्त विश्लेषण से पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति विचाराधीन उत्पादों के उत्पादन और बिक्री में गिरावट कम क्षमता उपयोग तथा बिक्री में घाटे के कारण हो रही है । तथापि, खंड–वार विश्लेषण से यह पता चलता है कि यह क्षति डीवीडी–आर खंड में अधिक हुई है जिसका हिस्सा घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में 99% से अधिक है । डीवीडी–आर डब्ल्यू खंड घरेलू उद्योग के लिए लाभकारी है । यद्यपि, इसका हिस्सा घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन और बिक्री के 1% से भी कम है और इसीलिए इस समय कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है । इस समय संबद्ध देशों द्वारा डीवीडी–आरडब्ल्यू का पाटन नहीं किया जा रहा है क्योंकि निकाला गया पाटन मार्जिन नकारात्मक है यद्यपि, मात्रा अधिक नहीं है ।

113. तथापि, संबद्ध देशों से आयातों की मात्रा इस समय काफी कम होने के कारण पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव इस समय अधिक या अत्यधिक प्रतीत नहीं होता है । डीवीडी–आर से घरेलू उद्योग की कीमतों में भारी कटौती हो रही है और उसका घरेलू उद्योग की बिक्री कीमतों पर कम कीमत पर बिक्री संबंधी प्रभाव भी पड़ा है। यद्यपि, मात्रा कम है । तथापि, पूर्व में नोट किए गए अनुसार, संबद्ध देशों से पाटित आयातों सहित विभिन्न स्रोतों से आयातों जैसे विभिन्न कारकों की वजह से जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग को क्षति हुई प्रतीत होती है ।

**ट. क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना**

114. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है और यदि शुल्क समाप्त किया जाना है तो इस जांच का केन्द्र क्षति के संभावित परिदृश्य की जांच करने पर होता है भले ही कोई वर्तमान क्षति और/अथवा कारणात्मक संबंध न हो । पाटन जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना से संबंधित पूर्ववर्ती खंड में इस बात की पुष्टि की गई है कि शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में संबद्ध देशों से पाटन की पुनरावृत्ति होने की संभावना है ।

**ट.1 घरेलू उद्योग के अनुरोध**

115. याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने से पाटन एवं क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है । आगे यह दावा किया गया है कि समीक्षा जांच का समग्र प्रयोजन इस बात को देखना नहीं होता है कि क्या पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की जरूरत है अपितु यह देखना होता है कि क्या ऐसे शुल्क के अभाव में पाटन जारी रहेगा या उसकी पुनरावृत्ति होगी और क्या घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति जारी रहेगी अथवा शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति होगी । इस संबंध में याचिकाकर्ता ने निम्नानुसार उल्लेख किया है :–

